CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 1 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 17 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# अब मोदी का जमाना, न तो भ्रष्टाचार करने दिया जाएगा और न ही भ्रष्टाचार को दबाया जाएगा : भजनलाल शर्मा

## पता नहीं क्यों कांग्रेस को 'राम' जी नाम से क्यों है इतनी एलर्जी, कांग्रेस दृष्टीकरण में नंबर वन, भ्रम फैलाने में नंबर वन और झूठ बोलने में भी नंबर वन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला और कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने पूरे देश को खोखला कर दिया। कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की नीति अपनाई लेकिन अब मोदी का जमाना है, न तो भ्रष्टाचार करने दिया जाएगा और न ही भ्रष्टाचार को दबाया जाएगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पता नहीं क्यों 'राम' जी नाम से इतनी एलर्जी है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा भीमराव अंबेडकर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के उस विचार को जिसमें समाज में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देना सुनिश्चित है उस विचार को साकार करने के लिए देश में एक से एक जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू की उसमें हाल ही में विकसित भारत की राम जी योजना भी एक शामिल है। यह योजना मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार और गंभीर कमियों को दूर दूर करने के लिए लाई गई है ताकि देश के गांव का सर्वांगीण और समुचित विकास हो और देश के गांव विकसित बने साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को समुचित रोजगार मिले लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपनी एक सोच बना रखी है कि मोदी सरकार जो भी योजना लाये उसका विरोध करो चाहे वह योजना कितनी ही अच्छी और कितनी ही लाभदायक क्यों ना हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में विकसित भारत की राम जी योजना जन जागरण



अभियान के प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के लोगों को जी राम जी योजना को लेकर गुमराह करने का प्रयास कर रही है और इस योजना के बारे में गलत जानकारी देकर लोगों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है । मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में मौजूद पार्टी जनों से आग्रह किया कि वह गांव-गांव और ढाणी ढाणी में जाकर इस योजना के बारे में कांग्रेस पार्टी की ओर से किया जा रहे उस प्रचार का मुंह तोड़कर जवाब दे और इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देकर लोगों को यह समझाने का प्रयास करें कि सरकार ने मनरेगा योजना को खत्म नहीं किया है बल्कि मनरेगा में भ्रष्टाचार और कई गंभीर कर्मियों को दूर करके यह नई योजना बनाई गई है उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोगों से बातचीत के दौरान उन्हें यह भी बताया जाए की इस योजना में ग्राम पंचायत की ग्राम सभा की ओर से निर्धारित किए गए विकास कार्यों को ही शामिल किया जाएगा ग्राम पंचायत के लिए कौन सा जरूरी कार्य है उस कार्य को ग्राम सभा अपनी मीटिंग में प्राथमिकता से विकास कार्यों को मंजूर करवाएगी ग्राम पंचायत यह बताइए की सबसे पहले गांव में वेयरहाउसिंग होनी चाहिए या फिर स्कूल होना चाहिए या फिर हॉस्पिटल होना चाहिए या फिर तालाब होना चाहिए ग्राम पंचायत के अनुशंसा के आधार पर ही इस योजना में कार्य होंगे लेकिन कांग्रेस पार्टी लोगों में भ्रम फैला रही है कि केंद्र सरकार इस योजना में विकास कार्य निर्धारित करेगी जो गलत है

### पेपर लीक में 400 अपराधियों को जेल भेजा कांग्रेस तय करें यह छोटी मछली है या मगरमच्छ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यशाला में जोर देकर कहा कि पिछली गहलोत सरकार में पूरे 5 साल तक सभी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और गड़बड़ियां हुई इसकी वजह से प्रदेश के लाखों युवाओं के साथ धोखा हुआ और प्रदेश का युवा कांग्रेस पार्टी की सरकार में 5 साल तक पूरी तरह से हताश रहा। लेकिन हमने पिछले दो साल में 351 सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शक ढंग से आयोजन किया और एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ यह हमारी सबसे बड़ी सफलता है इसके अलावा पिछली सरकार में पेपर लीक के मामले में करीब 400 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब यह कांग्रेस पार्टी तय करें कि यह लोग छोटी मछली हैं या फिर मगरमच्छ मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमने करीब 100000 सरकारी नौकरियां दे दी है और 133000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में है इसके अलावा हाल ही में जनवरी से लेकर दिसंबर तक 1 लाख सरकारी भर्तियों का एक कर कैलेंडर जारी किया गया है इस तरह से हमारी सरकार करीब 350000 सरकारी नौकरी देने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी बड़े स्तर परयुवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है इसके लिए सभी जिलों में रोजगार मेलों का आयोजन करके युवाओं को निजी कंपनियों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के हितों की रक्षा करने के लिए युवा नीति स्वरोजगार नीति और रोजगार नीति लागू की है सरकार युवाओं के कल्याण और विकास के लिए लगातार सतत प्रयास कर रही है इसीलिए प्रदेश के युवा हमारी सरकार को उम्मीद भरी निगाह से देख रहे हैं और पिछली सरकार में युवाओं के चेहरे पर जो हताशा नजर आती थी उसकी जगह अब युवा पूरे जोश और उत्साह के साथ कंपटीशन एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि सरकार उन्हें नौकरी देने के लिए पूरी तरह से तैयार बैठी है।

### प्रदेश और देश धीरे-धीरे रामराज्य की ओर बढ़ रहा है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यशाला में कहा कि प्रकृति का नियम है जो होना है वह होकर रहेगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की हर योजना में कमी निकाल रही है चाहे वह योजना कितनी अच्छी क्यों ना हो उन्होंने कहा कि का सी. ए. ए., ईवीएम,एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों में कांग्रेस पार्टी ने बेवजह मुद्दा बनाया और लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन लोग कांग्रेस पार्टी के बहकावे में नहीं आए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब किसान मजदूर युवा और महिलाओं के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए समाज में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं राजस्थान में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और सपने को साकार करने के लिए हम तेजी से कार्य कर रहे हैं इसलिए प्रदेश और देश धीरे-धीरे राम राज्य की ओर बढ़ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राम सेतु जल योजना के नाम की व्याख्या की

कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने ईआरसीपी में 'रा 'शब्द राजस्थान से और 'म 'शब्द मध्य प्रदेश से लिया जो अपने आप ही राम सेतु जल योजना बन गया इसमें हम क्या कर सकते हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश में तुष्टिकरण की राजनीति की है और धर्म संप्रदाय के आधार पर लोगों को बांटने का कार्य किया जबकि भारतीय जनता पार्टी देश प्रेम, राष्ट्र प्रेम, और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को आधार बनाकर देशभक्त की भावना के साथ सभी लोगों के समुचित विकास और देश के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए अपना काम करती है लेकिन कांग्रेस पार्टी को शुरू से ही राम शब्द से एतराज है इसीलिए अब जी राम जी योजना का विरोध कर रही है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कथा वाचक रामभद्राचार्य की राम कथा का श्रवण किया, विश्व शांति के लिए हवन पूजन भी किया

### सांगानेर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्यपाल हरिभाऊ बागडे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को जयपुर में नींदड़ आवासीय योजना में सुविचार कथावाचक जगतगुरु रामभद्राचार्य की राम कथा का श्रवण किया इस अवसर पर द्रौपदी मुर्मू ने मौके पर आयोजित 1008 हनुमान कुंडीय यज्ञ में भारत की समृद्धि और विश्व शांति के लिए आहुति दी जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने खुद संस्कृत के श्लोक के माध्यम से द्रौपदी मर्म के कर कमल से हवन पूजन करवाई इस पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रपति महोदय काफी खुश उत्साहित नजर आई और उन्होंने रामभद्राचार्य की राम कथा का काफी देर तक श्रवण भी किया इससे पहले गुरुवार को सांगानेर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्यपाल हरिभाऊ बागडे उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और



डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शानदार स्वागत किया और गुलदस्ता भेंट करके राष्ट्रपति महोदय की जोरदार अगवानी की बाद में कड़े सुरक्षा प्रबंधन के बीच राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू को नींदड़ आवासीय योजना में आयोजित कार्यक्रम में लाया गया यहां पर आसपास के इलाके में सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए गए थे तथा कार्यक्रम स्थल पर भी लाउडस्पीकर से कार्यक्रम में शामिल लोगों से अपील की गई कि वह बिल्कुल शांतिपूर्वक तरीके से कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दिखाएं और किसी भी तरह का शोर शराबा कार्यक्रम में नहीं करें बहुत ही सकारात्मक माहौल और शांतिपूर्वक माहौल में द्रौपदी मुर्मू ने हवन पूजा की वैदिक मंत्र के उच्चारण के माध्यम से रामभद्राचार्य जी महाराज ने खुद हवन पूजा करवाई इसके बाद द्रौपदी मुर्मू कार्यक्रम स्थल पर बैठकर रामभद्राचार्य की राम कथा का श्रवण किया जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जगतगुरु रामभद्राचार्य का जन्मदिन था और जिस तरह से उनके जन्मदिन पर देश की प्रथम नागरिक द्रौपदी मुर्मू ने अपनी उपस्थिति दिखाई उसके बाद ऐतिहासिक कार्यक्रम की भव्यता में और भी चार चांद लग गए उल्लेखनीय है कि जगतगुरु रामभद्राचार्य के भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में करोड़ों की संख्या में भक्त हैं रामभद्राचार्य के भक्तों में बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े फिल्म सितारे बड़े-बड़े खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ने वाले विशिष्ट लोग शामिल हैं इसके अलावा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तमाम बड़े नेता रामभद्राचार्य के अनन्य भक्त हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले ही जगतगुरु रामभद्राचार्य के राम कथा का श्रवण कर चुके हैं

## कार और ट्रेलर की भिड़ंत में कार सवार चार लोगों की मौत, दो ट्रक की में तीन जनों की मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** प्रदेश में दो अलग-अलग भीषण सड़क हादसों में सात जनों की दर्दनाक मौत हो गई तथा आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं जिनका अलग-अलग अस्पतालों में उपचार जारी है एक सड़क हादसे में एक व्यापारी और उसकी पत्नी की मौत होने की जानकारी मिली है तथा व्यापारी का 6 साल का बेटा बुरी तरह से घायल हुआ है जिसका उपचार जारी है जानकारी के अनुसार प्रदेश के उदयपुर चित्तौड़गढ़ राजमार्ग पर भादसोड़ा थाना इलाके में गुरुवार की देर रात करीब 2:00 बजे न नरबतिया गांव के पास सड़क पर अचानक एक जानवर के आ जाने की वजह से जानवर से टकराने के बाद कार का संतुलन बिगड़ गया और वह रोड पर डिवाइडर से टकराने के बाद रोड की दूसरी लाइन में जाकर ट्रेलर से भीड़ गई जिसकी वजह से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार कारोबारी रिंकेश उसकी पत्नी सुहानी और 60 वर्षीय रजनी तथा 70 वर्षीय अलकनंदा की मौके पर ही मौत हो गई तथा रिंकेश का 6 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है हादसे के बाद मौके पर ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और ट्रेलर को जप्त किया है और घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू करती है पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैफिक को भी खुलवाया लेकिन तब तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी हादसा इतना जोरदार था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और क्षतिग्रस्त कार मे मृतकों की लाशों की अवस्था देखकर मौके पर गए पुलिस अधिकारियों की आंखों में भी आंसू आ गए एक अन्य भीषण सड़क हादसे में प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले में भी दो ट्रक आमने-सामने जोरदार तरीके से भिड़ गए जिसकी वजह से इस हादसे में भी तीन लोगों की मौत हुई है

## देश के सबसे अमीर नगर निकाय मुंबई नगर पालिका में पहली बार होगा टीम बीजेपी का मेयर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(एजेंसी)** महाराष्ट्र की राजनीति के लिए मिनी विधानसभा कहे जाने वाले 29 महानगर पालिकाओं के चुनावी दंगल का शुक्रवार को निर्णायक दिन था गुरुवार को हुए मतदान के बाद शुक्रवार को मतदान की प्रक्रिया शुरू ही मुंबई बीएससी में भाजपा गठबंधन ने बहुमत से ज्यादा वार्ड जीतकर सबको चौंका दिया है हालांकि खबर लिखे जाने तक वोटो की गिनती जारी थी यह चुनाव न केवल स्थानीय निकायों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि राज्य की महायुती सरकार और विपक्षी महा विकास आघाडी के लिए अपनी जमीनी पकड़ साबित करने का लिटमस टेस्ट भी माना जा रहा है। देश के सबसे अमीर नगर निकाय मुंबई महानगरपालिका के नतीजे पर न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश के लोगों की निगाह है टिकी हुई है पिछले दो दशकों से अधिक समय से यहां शिवसेना का दबदबा रहा है लेकिन पार्टी में फुट की बाद यह पहली बार है जब मतदाताओं ने उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व के बीच अपना फैसला सुनाया है इसके अलावा पुणे, नागपुर, नासिक, थाने और छत्रपति संभाजी नगर जैसे महत्वपूर्ण शहरों के परिणामों से यह साफ हो गया है कि शहरी मतदाता विकास के मुद्दे पर किसके साथ खड़े हैं इन सभी जगह पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों को अच्छी सफलता मिली है इसलिए महाराष्ट्र के नगर निकाय के चुनाव के जो नतीजे सामने आए हैं उसके आधार पर यह माना जा रहा है कि कहीं ना कहीं महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की पकड़ लगातार मजबूत होती जा रही है। यह महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार के लिए एक तरह से टेस्ट था जिसमें वहपास हो गई है और इन चुनाव के नतीजे से उद्धव ठाकरे राज ठाकरे जैसे नेताओं को अब नए सिरे से अपनी पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए प्रयास करने होंगे ।

## बजट पूर्व महिलाओं से संवाद :

# भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजीविका महिलाएं विकास की मुख्य धारा में जुड़कर हो रही सशक्त

### विकसित राजस्थान के निर्माण में आधी आबादी की भूमिका महत्वपूर्ण, 1300000 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण का नयाअध्याय लिखा जा रहा है राजस्थान में भी राजीविका के माध्यम से महिलाएं प्रदेश के विकास की मुख्य धारा में शामिल होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं ।उन्होंने कहा कि राजीविका की प्रत्येक बहन पारिवारिक आय बढ़ाने में योगदान दे रही है और पूरे परिवार को आत्मनिर्भर बना रही है मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को बिरला ऑडिटोरियम में राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी ज्ञान की देवी मां



सरस्वती और शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना की जाती है यह तीनों ही रूप हमारी माता बहनों में समाहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार आवास से लेकर रसोई गैस सब्सिडी जैसी योजनाओं का लाभ महिलाओं को प्रदान कर रही है ।

### महिलाएं बेहतरीन प्रबंधक और उद्यमी भी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के निर्माण में भी आधी आबादी की भूमिका महत्वपूर्ण है राजीविका की लगभग 13 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं इनमें से मिलेनियम दीदी भी बन रही हैं स्वयं सहायता समूह ने सिद्ध कर दिया है कि महिलाएं बेहतरीन प्रबंधक और उद्यमी हैं साथ ही महिलाओं ने ऊंची ब्याज दर पर कर्ज लेने की मजबूरी से भी मुक्ति पाई है ।

### 100000 पदों की भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक एक लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी है 144000 पदों पर सरकारी भर्तियां प्रक्रिया में है 12 जनवरी को युवा दिवस पर इस वर्ष में 100000 पदों की भर्ती परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया गया है इनमें मातृ शक्ति को भी रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवा नीति जारी की है महिलाएं स्वरोजगार के लिए इसका लाभ उठाएं ।

### बजट के लिए महिलाओं के सुझाव महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजीव का की महिलाओं ने बैंक बाजार और सरकारी योजनाओं से जुड़कर वित्तीय आत्मनिर्भरता पाई है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्पाद बेच रही है उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घर का बजट तो निर्धारित करती ही हैं राजस्थान के बजट में भी उनके अमूल्य सुझाव देने चाहिए । राजीविका महिलाएं स्वयं सहायता समूह को और मजबूत बनाने आजीविका के नए अवसर पैदा करने उत्पादों की बिक्री बढ़ाने प्रशिक्षण और कौशल विकास से संबंधित अपनी राय सरकार को दें ताकि आगामी बजट में महिलाओं के लिए और कुछ बैटर किया जा सके द्य बिरला सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गेलारिया, स्टेट मिशन निदेशक स्वयं सहायता समूह नेहा गिरी सहित अन्य अधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में राजीविका महिलाएं मौजूद रही ।

### आजीविका संवर्धन के लिए 2000 करोड रुपए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 2000 करोड रुपए से अधिक की राशि आजीविका संवर्धन हेतु प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं पशुपालन और गैर कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 3500 से अधिक उत्पादक समूह का गठन किया गया है इनके माध्यम से लगभग तीन लाख परिवारों को कृषि और पशुपालन गतिविधियों में जोड़ा गया है किसान परिवार की महिलाएं पशुपालन भी करती है इसलिए हमारी सरकार पशुपालकों को दूध पर 5 रुपए प्रति लीटर का अनुदान भी दे रही है।

### 32000 ग्राम संगठन के माध्यम से बना राजीविका का मजबूत नेटवर्क

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 51 लाख ग्रामीण परिवारों को चार लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया है इसके अलावा 32000 ग्राम संगठन और 1000 से अधिक कलेक्टर लेबर फेडरेशन के माध्यम से राजीविका का मजबूत नेटवर्क तैयार किया गया है उन्होंने कहा कि आजीविका संवर्धन के अंतर्गत लगभग 36 लाख परिवार कृषि और पशुपालन आधारित गतिविधियों से जुड़कर काम कर रहे हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना में निर्धारित राशि 100000 से बढ़कर डेढ़ लाख रुपए की है प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 5000 की राशि को बढ़ाकर 6500 रुपए किया गया है इस योजना में लगभग 10 लाख गर्भवती महिलाओं को 531 करोड रुपए की राशि प्रदान की गई है उन्होंने कहा कि मां वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा मिल रही है अब तक 226000 महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिल चुका है इसके अलावा शिक्षा सेतु योजना के तहत 90000 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को रोजगार अनुमुखी प्रशिक्षण दिया गया है

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
17 जनवरी, 2026


## राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राजेंद्र रहीसा बने जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हाजीपुर डडीकर अलवर निवासी राजेंद्र रहीसा पुत्र अमर सिंह गुर्जर को राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश रावत द्वारा अलवर गुर्जर महासभा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महासभा का जिला अध्यक्ष बनने पर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण और युवाओं ने उनकी इस नियुक्ति पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राजेंद्र बोले वह महासभा और संगठन की मजबूती के लिए निष्ठा भाव से कार्य करेंगे। इस अवसर पर बाबूलाल छाबड़ी, लोकेश गुर्जर, अमित छावडी, दिनेश ठिकला, नरेंद्र छावडी, बंसी गुर्जर, डीसी गुर्जर, संजय सरधाना, कृष्णा कसाना, समंदर छाबड़ी, महेंद्र रहीसा, विजय छावडी, रवि गुर्जर आदि ने राजेंद्र रहीसा का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

## मन्नी का बड़ विद्यालय में हुआ सेनेटरी पैड वितरण व जागरूकता कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर सेंट्रल द्वारा शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मन्नी का बड़ में सेनेटरी पैड वितरण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब के सदस्यों ने विद्यालय की छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, सेनेटरी पैड के सही उपयोग एवं निस्तारण के तरीकों की जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि स्वच्छता अपनाने से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन क्लब सदस्य नरसीराम अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल व अभय गुप्ता की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ कुमुद गुप्ता ने कहा कि समाज में अभी भी इस विषय पर खुलकर बात नहीं की जाती, जिससे बालिकाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे स्वस्थ जीवन जी सकेंगी। क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र गोयल, कांग्रेस नेत्री श्वेता सैनी, सुरेन्द्र चौहान, लक्ष्मेश कुमार सिंह, कैलाश जगरवाल, रेखा महलावत, वंदना जैन, राजबाला जैन, सुरेखा जैन, अभय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## गिव अप अभियान के तहत 28 फरवरी तक अपात्र व्यक्ति हटवाएं नाम

### अपात्र व्यक्तियों से वसूली जाएगी गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से राशि

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 28 फरवरी 2026 तक अपना नाम हटवा सकते हैं। अपात्र व्यक्तियों से योजना के प्रारम्भ से प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिले में अब तक 1 लाख 60 हजार 240 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम पृथक कराया है। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https//food.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें' पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयकर विभाग से आयकरदाताओं की सूची तथा परिवहन विभाग से चौपहिया वाहनधारकों के नाम प्राप्त किये जा रहे है। इस सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं योजना के प्रारंभ से ही प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 54 लाख 19 हजार 470 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाए है जिनमें अलवर जिले में 1 लाख 60 हजार 240 व्यक्ति हैं।

### टीबी मुक्त जिला खैरथल-तिजारा की दिशा में ठोस पहल

## सीएमएचओ कार्यालय में समीक्षा बैठक, 93% स्क्रीनिंग पूर्ण

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** टीबी मुक्त जिला खैरथल-तिजारा अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने तथा लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरूाह्) कार्यालय, खैरथल-तिजारा में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने की।

बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें टीबी मरीजों की पहचान, उपचार, पोषण सहयोग (निक्षय मित्र), संपर्क जांच एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की प्रगति पर चर्चा की गई।

सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीबी रोगियों का समयबद्ध एवं नियमित उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि टीबी एक पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, आवश्यकता केवल समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और सामाजिक सहयोग की है।

बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, ग्राम एवं शहरी स्तर पर जागरूकता बढ़ाने, टीबी मुक्त पंचायत व वार्ड की दिशा में प्रयास तेज करने तथा अधिक से अधिक निक्षय मित्र जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

### पोषण किट में शामिल सामग्री

चावल 3 किलो, मिक्स दाल 1 किलो, सरसों का तेल 1 किलो, चना भूंगड़ा 500 ग्राम, गुड़ 1 किलो, साबुत मूंग 500 ग्राम एवं साबुत सोयाबीन 500 ग्राम शामिल हैं। साथ ही इलाज की अवधि के दौरान प्रत्येक मरीज को सरकार द्वारा 1000 प्रतिमाह की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में उपलब्ध कराई जा रही है। अंत में सीएमएचओ ने समस्त दानदाताओं से आगे आकर टीबी मरीजों को गोद लेने एवं पोषण किट वितरण में सहयोग करने की अपील की, ताकि जिला खैरथल-तिजारा को शीघ्र टीबी मुक्त बनाया जा सके। बैठक में जिला क्षय अधिकारी, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### लक्षण दिखें तो तुरंत कराएं जांच :

बैठक के दौरान आमजन से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति में दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी के साथ खून आना, लगातार बुखार या रात में पसीना आना, वजन तेजी से कम होना, भूख न लगना, कमजोरी, सीने में दर्द या सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। डॉ गेट ने बताया कि टीबी की जांच एवं उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध है और समय पर दवा लेने से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।

### 93' स्क्रीनिंग पूरी

कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 2 लाख 33 हजार लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 93' लोगों की स्क्रीनिंग पूर्ण की जा चुकी है। टीबी मरीजों को निशुल्क पोषण किट वितरित की जा रही है।

## राजगढ में लगाया खाद्य लाईसेन्स एवं रजिस्ट्रेशन शिविर, 87 खाद्य लाईसेंस / पंजीयन किए जारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियंत्रण, जयपुर एवं जिला कलक्टर अलवर के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शुक्रवार को राजगढ, अलवर पर खाद्य लाईसेन्स एवं रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिलें में आयुक्तालय के निर्देश अनुसार शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला, राजगढ, अलवर पर खाद्य लाईसेन्स एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें किराना/खाद्य ऐजेन्सीज/दूध विकेता/ डेयरी/ चाट ठेले/फल सब्जी विक्रेता / फल सब्जी मण्डी के विक्रेता /अनाज मण्डी में अनाज के थोक एवं खुदरा विक्रेता/ होटल/रेस्टोरेन्ट / मिठाई निर्माता एवं विकेता/कैटरिंग सर्विस/दवा विक्रेता / शराब विक्रेता एवं खाद्य पदार्थों के ठेले/तेल मील/खाद्य पदार्थ निर्माताओं ने शामिल होकर लाभ लिया। शिविर में आयें सभी खाद्य करोबारकर्ताओ को आवश्यक दस्तावेज के बारे में जानकारी दिया जाकर, ऑनलाईन आवेदन करवाकर, 87 खाद्य लाईसेंस / पंजीयन जारी किये। इसके साथ ही मैसर्स बल्या मिष्ठान भण्डार, गोल मार्केट राजगढ से बर्फी का नमूना, मैसर्स जयश्री गणेश डेयरी, सराय मौहल्ला राजगढ, से घी का नमूना, मैसर्स मुस्कान डेयरी, गोल मार्केट राजगढ से घी का नमूना लिया जाकर प्रयोगशाला भिजवाया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान कार्यालय में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव कुमार गोयल, विश्वबंधु गुप्ता एवं अशोक कुमार लखेरा मौजूद रहें। मालाखेड़ा में शिविर आज : आयुक्त खाद्य सुरक्षा, राज0 जयपुर के निर्देशानुसार सभी खाद्य कारोबारकर्ताओ को खाद्य लाईसेंस / पंजीयन (अपने वार्षिक टर्नओवर एवं दैनिक उत्पादन क्षमता के अनुसार) कराया जाना आवश्यक है। इसके लिये 17 जनवरी को एक दिवस का खाद्य लाईसेंस / पंजीयन शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक खण्डेलवाल धर्मशाला मालाखेडा अलवर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अलवर के निर्देशन में खण्डेलवाल धर्मशाला मालाखेडा अलवर के सामंजस्य / सहयोग से किया जा रहा है।

## जिला कलक्टर ने नगर निगम कार्यालय में किया विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु सहायता शिविर का निरीक्षण




### केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने नगर निगम परिसर में घुमन्तु समुदाय को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का निरीक्षण कर पात्र लाभार्थियों को दस्तावेज सौंपे। जिला कलक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि घुमन्तु समुदाय विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु के सभी पात्र व्यक्तियों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। साथ ही मौके पर ही मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आदि कार्य पूर्ण कर राहत प्रदान करें। उन्होंने निर्देश दिये कि 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करावे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने आमजन से संवाद कर कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न जनकल्याणाकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, जिनका जागरूक रहकर ना केवल स्वयं लाभ उठावे, बल्कि अपने आसपास के अन्य व्यक्तियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु जागरूक करें। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शिविर में 30 घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के पहचान पत्र जारी किए गए। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को पंचायत समिति सभागार राजगढ एवं नगर पालिका मालाखेडा में प्रातः10 बजे शिविर आयोजित होगा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से बजट पूर्व संवाद का खैरथल-तिजारा में हुआ सीधा प्रसारण

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय, राजीविका महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम का खैरथल-तिजारा जिले में सजीव (लाइव) प्रसारण किया गया। जिले भर में राजीविका से जुड़ी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ देखा और मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति में समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी, ज्ञान की देवी मां सरस्वती और शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना की जाती हैं।

### 32 हजार ग्राम संगठन के माध्यम से बना राजीविका का मजबूत नेटवर्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 51 लाख ग्रामीण परिवारों को 4 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। साथ ही, 32 हजार ग्राम संगठन और 1 हजार से अधिक क्लस्टर लेवल फेडरेशन के माध्यम से राजीविका का मजबूत नेटवर्क तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि आजीविका संवर्धन के अंतर्गत लगभग 36 लाख परिवार कृषि एवं पशुपालन आधारित गतिविधियों से जुड़कर काम कर रहे हैं।

### बजट के लिए महिलाओं के सुझाव महत्वपूर्ण

शर्मा ने कहा कि राजीविका की महिलाओं ने बैंक, बाजार और सरकारी योजनाओं से जुड़कर वित्तीय आत्मनिर्भरता पाई है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उत्पाद बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने घर का बजट तो तय करती ही हैं, राजस्थान के बजट में भी वे अमूल्य सुझाव दें। राजीविका महिलाएं स्वयं सहायता समूहों को और मजबूत बनाने, आजीविका के नए अवसर पैदा करने, उत्पादों की बिक्री बढ़ाने, प्रशिक्षण और कौशल विकास से संबंधित राय दें। खैरथल-तिजारा जिले में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में राजीविका महिलाएं उपस्थित रहीं।

### 2 लाख 26 हजार महिलाओं को मिला निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना में देय राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये की है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया गया है। इस योजना में लगभग 10 लाख गर्भवती महिलाओं को 531 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि मा वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा मिल रही है। अब तक 2 लाख 26 हजार महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिल चुका है। साथ ही, शिक्षा सेतु योजना के तहत 90 हजार से अधिक महिलाओं व बालिकाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया गया है। इसी तरह राज्य में महिला सुरक्षा के लिए 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन कर उनका प्रभावी संचालन किया जा रहा है।

### एक लाख पदों की भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अब तक 1 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी है। 1 लाख 44 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। वहीं, 12 जनवरी को युवा दिवस पर इस वर्ष में 1 लाख पदों की भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी किया है। इनमें मातृशक्ति को भी रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवा नीति जारी की है। महिलाएं स्वरोजगार के लिए इसका लाभ उठाएं।

### जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक संपन्न

## विभागीय अधिकारी जनहित के कार्यों एवं योजनाओं का समयबद्धता करावे क्रियान्वयन - जिला प्रमुख

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर की अध्यक्षता में जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक हुई, जिसमें जिला परिषद के एसएफसी की पूरक वार्षिक कार्य योजना 2025-26, ग्राम पंचायत उजोली में प्रधानमंत्री अन्न भण्डारण हेतु भूमि आवंटन, कॉमन सर्विस सेंटर लक्ष्मणगढ हेतु भूमि आवंटन प्रस्ताव, रा.बा.उ.मा.वि रायबका हेतु पट्टा आवंटन तथा राजकीय देवनारायण छात्रावास उमरैण के पट्टा आवंटन के लिए चर्चा व नियमानुसार अनुमोदन किया गया तथा विगत बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। जिला प्रमुख छिल्लर ने विभागीय अधिकारियों को परिषद के सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों एवं अवगत कराई गई समस्याओं के संबंध में निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण पर संवेदनशीलता से नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरणों का निश्चित समय-सीमा में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर विकास कार्य एवं योजनाओं को धरातल पर लागू करें, ताकि आमजन को इन कार्यों व सुविधाओं का लाभ यथाशीघ्र मिल सके। जिला प्रमुख छिल्लर ने विद्युत विभाग के कार्यों की प्रगति की बिंदुवार जानकारी लेकर अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं आमजन की परिवेदनाओं से जुडे हुए विद्युत संबंधी कार्य का नियमानुसार यथाशीघ्र पूर्ण कराया जावे तथा किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यथासंभव दिन में विद्युत आपूर्ति की जाए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में क्षतिग्रस्त सडकों को विभागीय समन्वय से दुरूस्त करावे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि देहमी पुल पर गैर मापदण्डानुसार निर्मित रैम्प को हटावे तथा ब्लॉक स्तर पर सडकों के निर्माण एवं मरम्मत के लिए कमेटी गठित करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि राज्य सरकार को भिजवाए गए क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों की मरम्मत एवं नव निर्मित के प्रस्तावों की सूची पंचायत समितियों को उपलब्ध करावे। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करें तथा गांवों में डॉग बाइट पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने डीएसओ को निर्देश दिये कि एनएफएसए योजना में पात्र व्यक्तियों के नाम जोडे जाएं। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों का शत-प्रतिशत वार्षिक सत्यापन सुगमता से यथाशीघ्र सुनिश्चित करावे।

**जनप्रतिनिधिगणों ने दिए सुझाव**

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने खूटेटा कलां जीएसएस की भूमि पर अतिक्रमण हटाने, आयुष्मान कार्डों का वितरण, रामगढ में वेटरनरी चिकित्सक लगाने, जेजेएम के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सडकों की रिपेयरिंग के संबंध में अवगत कराया। इसी प्रकार किसानों को दिन में विद्युत आपूर्ति कराने, जेजेएम योजना में हेण्डओवर व गाइडलाइन की वस्तु स्थिति से अवगत कराने, आंगनबाडी केंद्रों का नियमित तौर पर निरीक्षण कराने एवं चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति कराने के सुझाव दिए। वहीं जिला परिषद के पार्षदगणों ने मुण्डावर कस्बे के आसपास पानी की समस्या के निराकरण, सिलीसेढ रोड के निर्माण, टोडा से भनौखर रोड के निर्माण, बेराबास रोड निर्माण, कृषि योजनाओं में सब्सिडी भुगतान, खेडी गांव में स्कूल भवन निर्माण, केटलशेड योजना के तहत भुगतान, खानपुर मेवान में पेयजल लाइन की रिपेयरिंग, तूलेडा में सिंगल फेस बोरिंग कनेक्शन सहित अन्य प्रकार की समस्याओं के समाधान के संबंध में अवगत कराया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र ने जिला प्रमुख को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना नियमानुसार समयबद्ध रूप से कराई जावेगी। बैठक में जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक महेश मेहता, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित प्रधान व जिला परिषद सदस्यगण, विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जयपुर को एक और मिला नया बस स्टैंड : हीरापुर बस टर्मिनल शुरू, अजमेर की 133 रोडवेज की बसों का होगा संचलन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजधानी जयपुर को एक और नया बस स्टैंड मिल गया है। शुक्रवार को हीरापुर बस टर्मिनल शुरू हो गया है यहां से रोडवेज की 133 बस का संचालन किया जा रहा है । इसके अलावा निजी बस भी यहां से संचालित हो सकेगी । इस बस स्टैंड के शुरू होने से कहीं ना कहीं सिंधी कैंप बस स्टैंड पर वाहनों और यात्रियों का जो लोड रहता था वह थोड़ा कम होगा क्योंकि अब अजमेर आने जाने वाली रोडवेज की बसें हीरापुर बस टर्मिनल से ही संचालित होगी इसलिए सिंडिकेट बस स्टैंड पर अब अजमेर आने जाने वाली बसों का मूवमेंट नहीं रहेगा जानकार लोगों का कहना है कि सिंधी कैंप बस स्टैंड पर बसों का दबाव बहुत ज्यादा रहता है क्योंकि इस बस स्टैंड से राजस्थान के विभिन्न शहरों के लिए बस संचालित होती हैं इसके अलावा देश के अन्य शहरों के लिए भी यहां से बस का संचालन होता है इसके अलावा हरियाणा और अन्य राज्यों की परिवहन बसों का संचालन भी सिंधी कैंप बस अड्डे से होता है इसलिए इस बस अड्डे पर वाहनों की संख्या इतनी ज्यादा हो जाती है कि यहां पर बिल्कुल भी जगह नहीं बचती । एक तरफ यात्रियों की संख्या तो दूसरी तरफ यहां बड़ी संख्या में बसों की मौजूदगी से यह बस स्टैंड काफी तंग हो जाता है इसीलिए जयपुर के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नए बस स्टैंड का निर्माण करके बस का संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि सिंधी कैंप बस स्टैंड से यात्री और बस दोनों का बोझ कम हो सके इसी क्रम में शुक्रवारको हीरापुर बस टर्मिनल का शुभारंभ हो गया है ।

## चलती कार में लगी भीषण आग, कर सवार लोग बाल बाल बचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के झालावाड़ जिले में मंडावर थाना इलाके में झालावाड़ खानपुर मेगा हाईवे पर बगेर घाटी के पास चलती कारख में अचानक भीषण आग लगा गई लेकिन आग लगने के तुरंत बाद कार चालक ने तत्परता दिखाते हुए कार को रोड के किनारे खड़ा किया और कार में सवार लोगों को तुरंत कार से नीचे उतार दिया जिसकी वजह से कार में सवार लोग हादसे का शिकार होने से बच गए बाद में सूचना मिलने के बाद पुलिस और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कार में लगी आग को बुझाया आगजनी से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होगई ।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है फिर भी पुलिस ने मौका मुआयना किया है और मामले से जुड़े सभी तथ्यों की गंभीरता से जानकारी जुटा जा रही है कार में चार लोग सवार थे लेकिन चालक की सूझबूझ से यह बड़ा हादसा होने से बचा है क्योंकि जैसे ही कार के अगले हिस्से में आग की भीषण लपटें उठती हुई देखी वैसे ही चालक ने तुरंत कार को रोड से नीचे उतार कर गाड़ी में सवार सभी लोगों को नीचे उतारा जैसे ही गाड़ी में आग लगी गाड़ी में सवार लोगों के चेहरों पर घबराहट छा गई लेकिन चालक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपना धैर्य बनाए रखा और तुरंत गाड़ी को एकांत में खड़ी करके गाड़ी में सवार सभी लोगों की जिंदगी बचा ली अन्यथा इस आगजनी में जनहानि भी हो सकती थी क्योंकि गाड़ी में भीषण तरीके से आग लग गई थी ।

## फागी में नकली और असली किन्नरों के बीच लड़ाई, पुलिस पहुंची मौके पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** फागी में पिछले कई दिनों से नकली किन्नरों की ओर से लोगों से इनाम वसूल किए जाने को लेकर स्थानीय लोग काफी परेशान थे हालांकि लोग यह जानते थे कि यह नकली किन्नर हैं लेकिन इसके बावजूद भी यह किन्नर जोर जबरदस्ती करके लोगों से पैसा वसूल कर रहे थे । इस दौरान इलाके के असली किन्नर भी इस बात से काफी परेशान थे इसलिए असली किन्नर ने स्थानीय लोगों को कह दिया था कि इस बार अगर कोई इनाम लेने आए तो उन्हें जरूर बताया जाए इसके बाद शुक्रवार को फिर से नकली किन्नर लोगों से जोर जबरदस्ती से इनाम ले रहे थे तभी वहां पर लोगों की सूचना पर असली किन्नर आ गए और फिर असली और नकली किन्नरों के बीच मौके पर जोरदार लड़ाई हो गई मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा बूझकर शांत किया तथा पुलिस नकली किन्नर को अपने साथ पुलिस स्टेशन लेकर आ गई जानकार लोगों का कहना है कि नकली किन्नर की ओर से लोगों से इनाम मांगने की गतिविधियां प्रदेश में कई जगहों पर देखने को मिल रही है यहां तक की बस स्टैंड रेलवे स्टेशन पर भी कई जगहों पर नकली किन्नर यात्रियों से जोर जबरदस्ती करके पैसा वसूल करते हैं चलती हुई ट्रेनों में भी इस तरह की घटनाएं देखने को मिल जाती है लेकिन इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए रेल प्रशासन की ओर से भी कोई ठोस प्रबंध नहीं किए गए हैं जिसकी वजह से ट्रेन में सफर के दौरान यात्री नकली किन्नर से ठगी का शिकार होते रहते हैं ।

## आरोपी भाई बहन ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का रिश्तेदार बताकर कृषि भूमि के सौदे में 2 करोड रुपए ठग लिए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के श्रीगंगानगर में कृषि भूमि बेचने के मामले में आरोपी भाई और बहन ने लॉरेंस बिश्नोई को अपना रिश्तेदार पता कर एक जने से करीब 2 करोड रुपए ठग लिए इस तरह की रिपोर्ट पीड़ित देवेंद्र सिंह की ओर से करवाई गई है पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है । पुलिस रिपोर्ट में पीड़ित तेजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी विजय सिंह और उसकी बहन राजबाला ने कृषि भूमि बेचने के नाम पर उससे दो करोड़ रुपए ले लिए लेकिन आरोपी भाई-बहन ने रुपए लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम नहीं करवाई और अब 20 लाख रुपए और मांग रहे हैं पीड़ित ने पुलिस रिपोर्ट में बताया है कि आरोपी विजय सिंह और उसकी बहन लॉरेंस बिश्नोई को अपना रिश्तेदार बताते हैं और ना तो उसके पैसे लौटा रहे हैं और ना ही उसके नाम जमीन कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि प्रमुख गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जेल में है लेकिन लॉरेंस बिश्नोई के नाम से लोगों को धमकाने और भय फैलाकर रुपए हड़पने के मामले आए दिन प्रदेश में किसी न किसी पुलिस स्टेशन में दर्ज हो रहे हैं कई बार इस तरह के मामले फर्जी भी होते हैं और बहुत से लोग लॉरेंस बिश्नोई के नाम का गलत इस्तेमाल करके लोगों से पैसा भी हड़प लेते हैं इस तरह के मामले पुलिस के लिए भी बड़ी चुनौती बने हुए हैं ।

## यंग्स क्लब में लगेगा नैत्र व चर्म रोग चिकित्सा शिविर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ट्रस्ट की ओर से रविवार को मोतीलाल गोमती देवी मोदी की स्मृति में सांवरमल, पवन कुमार, बद्रीनारायण, गोविंदलाल, निखिल मोदी के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर व चर्म व यौन रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में किए जाएंगे। शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला की ओर से चर्म व यौन रोग संबंधित रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया जाएगा।

# मनरेगा को समाप्त नहीं किया बल्कि मनरेगा की कमियों को दूर करके जी राम जी योजना बनाई हैः अरुण सिंह

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों में भ्रम फैला रही है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त कर दिया है । उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा को समाप्त नहीं किया है बल्कि मनरेगा में भयंकर कमियां और गलतियों को सुधार कर विकसित भारत की रामजी योजना देश के लोगों को समर्पित की गई है इस योजना के माध्यम से एक तरफ जहां गांव का समुचित और सर्वांगीण विकास होगा गांव विकसित गांव बनेंगे तो दूसरी तरफ ग्रामीणों की आर्थिक हालत मजबूत होगी। अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह भी भ्रम फैला रही है कि इस योजना में केंद्र सरकार की इच्छा के अनुसार ही कार्य होगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ भ्रम फैलाने के अलावा और कुछ कार्य नहीं कर रही है क्योंकि एक के बाद एक राज्यों में कांग्रेस पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा है इसलिए कांग्रेस पार्टी का पूरे देश से विलुप्त होती जा रही है । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से गांव के सर्वांगीण विकास के लिए लाई गई जी राम जी योजना में ग्राम पंचायत के ग्राम सभा ही कार्यों की रूपरेखा तैयार करेगी इसमें केंद्र सरकार का बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं होगा। ग्राम सभा यह तय करेगी कि गांव में सबसे पहले कौन सा विकास कार्य जरूरी है ग्राम सभा में लिए गए निर्णय के आधार पर ही इस योजना में कार्य किए जाएंगे अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस योजना को लेकर लोगों में यह भी गलत जानकारी दे रही है कि इस योजना में राज्यों पर आर्थिक भार डाला गया है उन्होंने कहा कि एक साधारण व्यक्ति भी यह आसानी से समझ सकता है कि जब जी रामजी योजना में 100 दिन के रोजगार की जगह 125 दिन का रोजगार दिया जाना सुनिश्चित किया गया है तो फिर केंद्र सरकार की ओर से जो बजट जारी किया जाएगा वह काम कैसे होगा वह पहले की तुलना में ज्यादा बजट होगा लेकिन इसके पहले की तुलना में ज्यादा बजट होगा क्योंकि जब इस योजना में पहले की तुलना में ज्यादा दिन का रोजगार देना सुनिश्चित किया गया है तो फिर बजट भी केंद्र की ओर से पहले की तुलना में ज्यादा ही होगा लेकिन कांग्रेस पार्टी दुष्प्रचार करके इस शानदार योजना का विरोध कर रही है उन्होंने कहा कि जी रामजी योजना में बाकायदा आधुनिक सूचना तंत्र के माध्यम से कार्यों का ऑडिट होगा मनरेगा में भी ऑडिट होता था लेकिन पश्चिम बंगाल पंजाब और कई अन्य राज्यों की सरकार जानबूझकर ऑडिट नहीं करवाती थी लेकिन अब इस नई योजना में आधुनिक संचार माध्यमों के माध्यम से पारदर्शक ढंग से ऑडिट की प्रक्रिया होगी और एक-एक पैसे का हिसाब रखा जाएगा उन्होंने कहा कि मनरेगा में बड़े पैमाने पर हर स्टेट में गड़बड़ियां अनियमिताएं और भ्रष्टाचार की खबरें मीडिया की सुर्खियों में रहती थी खुद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी मनरेगा में भ्रष्टाचार की बातें कई बार कहीं और अब जब मोदी सरकार मनरेगा की कमियों और गलतियों को सुधार कर जी राम जी योजना तैयार की है तो कांग्रेस के नेता इसका विरोध कर रहे हैं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यह सोच लिया है कि मोदी सरकार चाहे कितना ही अच्छा कार्य करें विरोध तो करना ही है उन्होंने कहा कि इस योजना की जानकारी राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में लोगों को समुचित तरीके से उपलब्ध करवाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन की ओर से भी एक कार्य योजना तैयार की जा रही है इस कार्य योजना के तहत भाजपा के संगठन से जुड़े लोग गांव गांव जाएंगे और इस योजना के बारे में कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार का भंडाफोड़ करके जी राम जी योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी देंगे अरुण सिंह ने कहा कि उन्होंने इस योजना को लेकर सोनिया गांधी का वीडियो भी देखा उन्हें सोनिया गांधी का वीडियो देखकर बहुत अचरज हुआ उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार विकास को केंद्र में रखकर अपना कार्य कर रही है इसीलिए मुंबई नगर पालिका के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी को शानदार सफलता मिली मुंबई नगर पालिका के चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दलों को शानदार सफलता मिली है क्योंकि महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हालत काफी खराब है पहले हरियाणा फिर महाराष्ट्र फिर दिल्ली और फिर बिहार में चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा कांग्रेस पार्टी का पूरे देश में सुपड़ा साफ हो गया है इसलिए केंद्र की मोदी सरकार जितनी भी अच्छी योजनाएं जनता के लिए ला रही हैं उन योजनाओं का विरोध करके जनता में खुद को बने रहने का प्रयास करती है लेकिन जनता कांग्रेस पार्टी के चाल चरित्र और चेहरे को अच्छी तरह से जानती है इसीलिए देश की जनता ने कांग्रेस से पूरी तरह से दूरी बना ली है और अब भविष्य में कांग्रेस पार्टी का वापस आना सिर्फ सपना बनकर रह गया है ।

## छल और भ्रम ही भाजपा का असली राजनीतिक चरित्र, संवैधानिक संस्थाओं का हो रहा दुरुपयोगः जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने गुरुवार को भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रम फैलाना और चुनाव जीतने के लिए छल करना ही भाजपा का असली चाल-चरित्र बन चुका है । जूली ने आरोप लगाया कि भाजपा का एजेंडा जनसेवा नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर चुनाव जीतना और जनहित की ऐतिहासिक योजनाओं के मूल स्वरूप को बिगाड़ना है। वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ और लोकतंत्र की हत्या का षड्यंत्र नेता प्रतिपक्ष ने वोटर लिस्ट में कथित धांधली पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि भाजपा ने एसआईआर के जरिए वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ कर कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम काटने का कुत्सित प्रयास किया है। हालांकि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सजगता ने इस षड्यंत्र को विफल कर दिया, लेकिन अब यह चिंताजनक है कि इस खेल में चुनाव आयोग भी शामिल नजर आ रहा है। जूली ने सवाल उठाया कि बिना किसी ठोस कारण के मतदाता सूची पुन निरीक्षण कार्य में आपत्ति दर्ज करने की तारीख क्यों बढ़ाई गई? यह भाजपा को बेईमानी का दूसरा मौका देने की साजिश प्रतीत होती है। जूली ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश भाजपा की संकुचित मानसिकता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि सोनिया गांधी जी और यूपीए सरकार ने करोड़ों गरीबों को रोजगार का अधिकार दिया था लेकिन भाजपा केवल नाम बदलकर और भगवान राम की आड़ लेकर अपना राजनीतिक स्वार्थ साध रही है। भाजपा द्वारा 125 दिन के रोजगार के दावे की पोल खोलते हुए जूली ने स्पष्ट किया कि राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार ने इसे पहले ही लागू कर दिया था। भाजपा अब इसे अपनी उपलब्धि बताकर जनता को गुमराह कर रही है। साथ ही, 60 दिनों के ब्रेक का नियम लाकर मजदूरों को उनकी मेहनत की कमाई से वंचित करने की साजिश रची जा रही है। मुख्यमंत्री के राम जल सेतु वाले बयान पर तंज कसते हुए नेता प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि भगवान राम सबके हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें अपनी राजनीति का औजार बना लिया है। ईआरसीपी का नाम बदलना प्यासी जनता के साथ क्रूर मजाक है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब भाजपा ने इस मुद्दे पर राजनीति की और आज तक प्रधानमंत्री मोदी ने इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया।

## कांग्रेस में डेढ़ दर्जन नेताओं की घर वापसी की तैयारी, अनुशासन समिति की बैठक में हुआ मंथन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर गए कई नेताओं की फिर से वापसी हो सकती है कांग्रेस छोड़कर अन्य दलों में गए कई नेताओं ने फिर से कांग्रेस ज्वाइन करने के लिए बाकायदा कांग्रेस पार्टी को अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है इन प्रार्थना पत्र पर कांग्रेस पार्टी गंभीरता से विचार कर रही है इसके लिए पार्टी के अनुशासन समिति को इन नेताओं के घर वापसी के विषय पर जांच पड़ताल करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी दी गई है इसी क्रम में शुक्रवार को राजस्थान कांग्रेस की अनुशासन समिति की बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना आने की बैठक में अनुशासन समिति के सदस्य शकुंतला रावत हाकम अली सहित अन्य सदस्यों मौजूद रहे बैठक में करीब डेढ़ दर्जन नेताओं के प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से मंथन किया गया है जिन नेताओं के प्रार्थना पत्र पर अनुशासन समिति ने चर्चा की है उनमें महेंद्र जी सिंह मालवीय, रामचंद्र सरधना, खिलाड़ी लाल बेरवा, गोपाल गुर्जर कांता भील कैलाश मीणा इत्यादि नेताओं के नाम बताए गए हैं अनुशासन समिति की ओर से शुक्रवार की देर रात तक एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को दी जाएगी कहा जा रहा है कि अनुशासन समिति ने उन नेताओं के प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से विचार किया है जिन्होंने पार्टी छोड़ने की अपनी भूल पर पश्चाताप किया है और खुद की गलती भी मानी है ऐसे में पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय कि कांग्रेस पार्टी में घर वापसी तय मानी जा रही है क्योंकि मालवीय ने मीडिया से भी बातचीत के दौरान स्वीकार किया है कि कांग्रेस छोड़ने का उनका निर्णय गलत था इसलिए मालवीय ने सार्वजनिक तौर पर भी कांग्रेस छोड़ने की अपनी गलती को स्वीकार करके कांग्रेस पार्टी के रणनीति करो के दिल को छूने का प्रयास किया है इसलिए मालवीय की कांग्रेस पार्टी में वापसी का ऐलान जल्दी ही होने वाला है द्य जानकार लोगों का कहना है कि महेंद्र जी सिंह मालवीय लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे और प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र के काफी लोकप्रिय नेता माने जाते हैं पूर्व में चार बार विधायक रह चुके हैं एक बार सांसद रह चुके हैं प्रधान रह चुके हैं और मालवीय की पत्नी भी प्रधान रह चुकी हैं इसके अलावा मालवीय ने डूंगरपुर और बांसवाड़ा में कई बार सोनिया गांधी राहुल गांधी की बड़ी सभाओं का आयोजन करके खुद की लोकप्रियता को सिद्ध किया था इसलिए कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार भी मालवीय कि घर वापसी पर अपनी स्वीकृति देने के लिए करीब करीब तैयार है फिलहाल राजस्थान कांग्रेस अनुशासन समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है इसके बाद में अनुशासन समिति की रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान कांग्रेस पार्टी हाई कमान को पार्टी छोड़कर गए नेताओं के बारे में अपनी राय बताएगी कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने के लिए और प्रदेश की जनता में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए पार्टी के उन बड़े नेताओं को फिर से पार्टी से जोड़ सकती है जो पार्टी छोड़कर चले गए थे अनुशासन समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि जो नेता किसी कारणवश पार्टी छोड़कर चले गए थे लेकिन उन्होंने अब अपनी गलती को स्वीकार किया है और फिर से पार्टी ज्वाइन करने की इच्छा जताई है ऐसे नेताओं के प्रार्थना पत्र पर विचार किया गया है और इसकी पूरी रिपोर्ट जल्दी ही कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष को दे दी जाएगी

## *प्रदेश के बारा में शुक्रवार को दूसरे दिन अज्ञात बदमाशों ने की फायरिंग, शहर के लोगों में दहशत*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश के बारा शहर में शुक्रवार को दूसरे दिन अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की इस फायरिंग की घटना से शहर के लोगों और व्यापारियों में घबराहट छाई हुई है। गुरुवार को भी अज्ञात बदमाशों ने इसी तरह से फायरिंग की थी पुलिस को मौके पर गोली के खाली खोखे भी मिले हैं लेकिन फायरिंग करने वाले बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर हैं हालांकि पुलिस ने इस मामले में कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में भी लिया है लेकिन फायर किसने किया अभी इसकी पूरी तरह से पुष्टि नहीं हुई है तथा फायर करने वाले लोगों का क्या मकसद है इस बात की भी जानकारी नहीं मिली है पुलिस का कहना है कि फायरिंग के मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है और बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद ही पूरी तरह से साफ हो पाएगा कि यह फायरिंग क्यों की गई फायरिंग के पीछे मकसद क्या था जानकारी के अनुसार गुरुवार को भी बदमाशों ने यहां फायरिंग की थी पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक तथ्य भी छूटे थे पुलिस ने जांच पड़ताल भी शुरू की लेकिन पुलिस को इस मामले में सफलता नहीं मिली इसी का परिणाम रहा कि शहर में अपराध जगत से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद हैं और उन्होंने फिर से शुक्रवार को निडर होकर फायरिंग की इस फायरिंग की घटना से सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संगठनों ने भी गहरी चिंता जताई है और शहर पुलिस के बड़े अधिकारियों को शहर में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की बात कही है तथा फायर करने वाले लोगों को जल्दी से जल्दी चिन्हित करके उनकी गिरफ्तारी करने की मांग की गई है ।

## चांदी 2000 रुपए महंगी सोना रहा स्थिर, जयपुर सराफा बाजार में चांदी 288000 रुपए प्रति किलो

**जयपुर** प्रदेश में शुक्रवार को चांदी के भाव में जहां 2000 रुपए प्रति किलो के भाव में वृद्धि हुई है वही सोने के भाव शुक्रवार को स्थिर रहे शुक्रवार को जयपुर सराफा बाजार के अनुसार चांदी के भाव 288000 रुपए प्रति किलो निर्धारित था वही शुद्ध सोने का भाव 145200 रुपए प्रति 10 ग्राम तथा जेवराती सोने का भाव 138800 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था जानकारी के अनुसार प्रदेश में चांदी के भाव में लगातार वृद्धि हो रही है चांदी की कीमतों में वृद्धि होने के कई तरह के कारण बताए जा रहे हैं इसमें एक कारण यह भी है कि चांदी का उपयोग सिर्फ आभूषण तैयार करने में ही नहीं किया जाता बल्कि विभिन्न तरह के संयंत्र औजार इत्यादि के निर्माण में भी चांदी का उपयोग किया जाता है इसलिए चांदी की खपत एक तरफ जहां ज्यादा हो रही है तो दूसरी तरफ चीन और अन्य देशों से चांदी के आयात निर्यात का कारोबार प्रभावित हुआ है इसलिए मार्केट में खपत की तुलना में चांदी कम है जिसकी वजह से चांदी के भाव लगातार बढ़ते जा रहे हैं जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है ऐसे में चांदी की डिमांड और बढ़ सकती है इसलिए आने वाले दिनों में चांदी के भाव और तेज हो सकते हैं जानकारी के अनुसार बहुत से लोग चांदी के भाव में तेजी आने की वजह से चांदी का स्टॉक भी करने लगे हैं यह भी एक बड़ी वजह है चांदी के दाम में बढ़ोतरी होने की

# प्रदेश भाजपा कार्यालय में कई बड़े नेताओं की मौजूदगी में विकसित भारत की राम जी जन जागरण अभियान कार्यशाला आयोजित

### प्रदेश भर में गांव-गांव ढाणी ढाणी में भाजपा संगठन से जुड़े लोग विकसित भारत की राम जी योजना के बारे में कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार का भंडाफोड़ करके इस योजना की हकीकत के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को विकसित भारत की राम जी जन जागरण अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा सहित पार्टी के संगठन से जुड़े कई नेता और सत्ता से जुड़े कई लोग भी मौजूद रहे इस कार्यशाला में प्रदेश के कोने-कोने से आए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने अपनी उपस्थिति दिखाई कार्यशाला में मौजूद कार्यकर्ताओं को पार्टी के बड़े नेताओं ने विकसित भारत की रामजी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हें यह बताया गया कि आपको अपने-अपने क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हें यह बताना होगा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ इस योजना को लेकर भ्रम फैला रही है मनरेगा को समाप्त नहीं किया गया है बल्कि मनरेगा में कई तरह की कमियां भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को दूर करके यह योजना बनाई गई है इस योजना में एक तरफ जहां मनरेगा से ज्यादा दिनों तक रोजगार देना सुनिश्चित किया गया है तो दूसरी तरफ मजदूरी का भुगतान भी डिजिटल माध्यम से होगा और एक-एक पैसे का ऑडिट किया जाएगा तथा ग्राम सभा की ओर से चयनित किए गए कार्यों को ही इस योजना में शामिल किया जाएगा इस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अरुण सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बैठक में मौजूद पार्टी जनों को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इस योजना का प्रचार प्रसार करने के लिए पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को कहा गया है इस योजना के बारे में कैसे और किस तरह से लोगों को समझता है और किस तरह से इस जन जागरण अभियान को बेहतर तरीके से संपादित करना है इसके बारे में पार्टी के सीनियर नेताओं ने आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स बैठक में मौजूद पार्टी जनों को दिए प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने जब-जब भ्रष्टाचार पर प्रहार किया है तब तब कांग्रेस पार्टी के पेट में दर्द होता है क्योंकि कांग्रेस पार्टी और बिचौलियों के बीच हमेशा गहरा रिश्ता रहा है अब जिस तरह से विकसित भारत की रामजी योजना केंद्र की मोदी सरकार की ओर से प्रस्तुत की गई इस योजना में भी मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने की दिशा में कदम उठाया गया है इसलिए कांग्रेस पार्टी और उनके बिचौलियों के पेट में जी राम जी योजना को लेकर दर्द हो रहा है उन्होंने कहा कि इस योजना में राम शब्द का उल्लेख करने को लेकर भी कांग्रेस पार्टी सीधी तौर पर विरोध नहीं कर रही लेकिन अंदर ही अंदर राम शब्द कांग्रेस पार्टी के नेताओं को काफी चुप रहा है इसीलिए कांग्रेस पार्टी के नेता बेवजह इस योजना को लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं मदन राठौड़ ने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर करीब 600 संस्थाओं के नाम और सरकारी योजनाओं के नाम रखें जो देश के शहीदों का सरासर अपमान है उन्होंने कहा कि मनरेगा में अब से पहले भी कई बार बदलाव हुआ लेकिन किसी ने भी विरोध नहीं किया अब जब देशभर से मनरेगा में आ रही भ्रष्टाचार की शिकायतों को दूर करने तथा कई अन्य गंभीर कर्मियों को दूर करके मोदी सरकार ने एक साफ सुथरी योजना जिसके माध्यम से गांव का विकास होगा विकसित गांव बनेंगे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मनरेगा की तुलना में इस योजना में अधिक दिन तक रोजगार मिलेगा इसके अलावा जी रामजी योजना में फसल के दिनों में भी 60 दिन अलग से किसान मजदूर के लिए सुनिश्चित किए गए हैं ताकि किसान और मजदूर इस योजना का फायदा उठा सके और अपनी इनकम को बढ़ा सके इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी इस योजना को लेकर दुष्प्रचार कर रही है लेकिन देश के लोग कांग्रेस पार्टी की नियत और सोच को अच्छी तरह से जानते हैं इसीलिए देश के लोग कांग्रेस पार्टी से लगातार दूर होते जा रहे हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान में जी राम जी योजना को लेकर शानदार तरीके से जन जागरण अभियान प्रदेश भर में संपादित किया जाएगा

## कहानी

# गोदावरी नदी की जन्मकथा

गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती ।
नर्मदे सिंधु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥

इस श्लोक का अर्थ है, हे गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, कावेरी नदियों ! मेरे स्नान के इस जल में आप सभी पधारिये और मुझे पवित्र कीजिए ।

यह श्लोक आपने दादा-दादी अथवा नाना-नानी को कहते सुना होगा । यह सभी नदियां हमारे लिए पवित्र हैं । आज हम इनमें से एक वंदनीय गोदावरी नदी की कहानी सुनेंगे ।

भगवान शिवजी के बारह ज्योतिर्लिंग हमारी पवित्र भारतभूमी पर हैं । इन बारह ज्योतिर्लिंगों में तीसरे स्थान पर आता है, महाराष्ट्र के नासिक जिले में गोदावरी नदी के तट पर विराजमान श्री त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग ! यह ज्योतिर्लिंग ब्रह्मगिरी पर्वत के निकट स्थित है और ब्रह्मगिरी पर्वत से ही गोदावरी नदी का उद्गम होता है ।

भगवान शिवजी के तीन नेत्र होने के कारण उन्हें त्र्यम्बकेश्वर कहा जाता है । यह उस समय की बात है जब महर्षि गौतम पर गौ हत्या का झूठा आरोप लगा था । इस आरोप के कारण महर्षि गौतम ने दूर एक वन में जाकर भगवान शिवजी की आराधना करनी आरम्भ की । महर्षि गौतम का निश्चय इतना दृढ था की उन्होंने धूप, गर्मी, ठंड, बारिश एवं जंगली जीवों का भय न रखते हुए अपनी तपस्या जारी रखी । उन्होंने बडा कठोर तप किया । उनकी भक्ति और कठोर तपस्या के कारण वन का वह भाग जिसे उन्होंने अपनी तपोभूमि बनाया था वहां दिव्य तेज उत्पन्न हो गया । उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिवजी ने उन्हें दर्शन दिए और मनोवांछित वर मांगने को कहा । तब उन्होंने भगवान भोलेनाथ से कहा, "प्रभु यदि मेरी भक्ति सच्ची है, तो कृपा करके यहां देवी गंगा को नदी के रूप में भेजें । जिससे मुझ पर लगा गौ हत्या का आरोप झूठा साबित हो जाएगा ।" तब भगवान शिवजी ने कहा , "हे ऋषि गौतम, देवी गंगा पहले से ही धरती पर विराजमान है और उन्हें वहां से यहां स्थानांतरित नहीं किया जा सकता । परन्तु देवी गंगा के स्थान पर देवी गोदावरी यहां नदी के रूप में स्वयं विराजमान रहेंगी और उनकी उत्पत्ति ब्रह्मगिरी पर्वत से होगी ।" भगवान शिवजी के इतना बोलते ही ब्रह्मगिरी पर्वत से जल की अविरल धारा बहने लगी ।

वहां देवी गोदावरी नदी प्रकट होकर उनके शीतल और पवित्र जल ने नदी का रूप ले लिया । परन्तु महर्षि गौतम तो वहां गंगा को लाना चाहते थे । गंगा नदी के स्थान पर वहां गोदावरी नदी के आनेसे उनपर लगा झूठा आरोप तो मिट गया; परन्तु उनके मन की संतुष्टी नहीं हुई । देवी गोदावरी को गौतम ऋषि की मन की स्थिति समझ में आई । उन्होंने भगवान शिवजी से प्रार्थना की, "हे शिवजी, आप यहां ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान हो जाएं ।" भगवान शिवजी ने देवी गोदावरी की यह बात सहर्ष स्वीकार कर ली और कहा की आज से यह ज्योतिर्लिंग 'त्र्यम्बकेश्वर' के नाम से जाना जाएगा । जो भी मनुष्य सच्चे मन और उचित भावना से गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन करेगा उसकी सभी इच्छाएं पूरी हो जाएंगी । इसलिए गोदावरी नदी मां गंगा के समान पवित्र है ।

ऋषि गौतम से संबंध जुड जाने के कारण गोदावरी नदी को गौतमी के नाम से भी जाना जाता है ।

# शब्द, संवेदना और संस्कृति का संगमः दिल्ली पुस्तक मेला-2026



सुनील कुमार महला

स्वामी विवेकानंद जी ने यह बात कही है कि-'पुस्तकें वह दीपक हैं जो अज्ञान के अंधकार को दूर करती हैं।'वास्तव में सच तो यह है कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे सच्ची मित्र होती हैं, जो बिना कुछ कहे हमें जीवन का सही मार्ग दिखाती हैं। अच्छी किताबें ज्ञान का भंडार होती हैं और अज्ञान के अंधकार को दूर कर सोचने-समझने की शक्ति विकसित करती हैं। वे अनुभवों, विचारों और संस्कारों से हमें समृद्ध बनाती हैं तथा जीवन भर हमारा साथ निभाती हैं। सच ही कहा गया है कि पढ़ने की आदत मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारती है और उसे बेहतर इंसान बनाती है। वहीं पर पुस्तक मेला ज्ञान, विचारों और संस्कृति के आदान-प्रदान का जीवंत मंच होता है, जहां पाठकों को नई-पुरानी पुस्तकों, लेखकों और प्रकाशकों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलता है। यह पठन-पाठन की रुचि को बढ़ावा देकर समाज में बौद्धिक चेतना को मजबूत करता है। साथ ही, पुस्तक मेला साहित्य, शिक्षा और रचनात्मकता को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाता है। इस क्रम में,हाल ही में नई दिल्ली के भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में आयोजित दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2026 (53वां संस्करण) दुनिया के सबसे बड़े पुस्तक मेलों में से एक है। यह भव्य आयोजन 10 जनवरी 2026 से 18 जनवरी 2026 तक, कुल 9 दिनों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस विशाल साहित्यिक उत्सव का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट (एनबीटी) द्वारा भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि न्यू दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर का 53वां संस्करण भी शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट की ओर से ही आयोजित किया गया है।पाठकों को बताना चाहूंगा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 10 जनवरी 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में न्यू दिल्ली वर्ल्ड बुक फेयर 2026 का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने पुस्तक 'द सागा ऑफ कुडोपालीः 1857 की अनकही कहानी' का विमोचन किया, जिसे हिंदी सहित कई भारतीय भाषाओं और स्पेनिश भाषा में प्रकाशित किया गया है। यह पुस्तक ओडिशा के संबलपुर क्षेत्र में वीर सुरेंद्र साई के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक विद्रोह और शहीदों के बलिदान को सम्मानित करती है। इस वर्ष का पुस्तक मेला कई मायनों में विशेष है, क्योंकि पहली बार प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। मेले में 30 से अधिक देशों के 1000 से ज्यादा प्रकाशक और लगभग 3000 स्टॉल शामिल हैं, जहाँ हिंदी, अंग्रेज़ी सहित अन्य भारतीय और विदेशी भाषाओं की पुस्तकों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। इस बार मेले की मुख्य थीम -'भारतीय सैन्य इतिहासः वीरता और बुद्धिमत्ता @75' (इंडियन मिलिट्री हिस्ट्रीःवेलोर एंड विज्डम) रखी गई है, जिसके अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, इतिहास और योगदान को साहित्य और प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।थीम मंडप लगभग 1000 वर्ग मीटर में फैला एक अत्याधुनिक इमर्सिव (त्रि-आयामी) अनुभव प्रदान करता है, जहाँ भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को जीवंत रूप में दर्शाया गया है। यहाँ अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस के आदमकद मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं, जो मेले के प्रमुख आकर्षण हैं। साथ ही, देश के 21 परमवीर चक्र विजेताओं को विशेष श्रद्धांजलि भी दी गई है।इस पुस्तक मेले में 600 से अधिक साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेखक संवाद, कवि सम्मेलन तथा बच्चों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिससे यह मेला लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों के लिए एक भव्य साहित्यिक उत्सव बन गया है। आज के डिजिटल, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में जब पुस्तकों के प्रति रुचि कम होती जा रही है, ऐसे समय में यह मेला विशेष रूप से युवाओं (जेन-जेड) और बच्चों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।मेले में कला और संस्कृति, इतिहास, सिनेमा, व्यक्तित्व और जीवनियाँ, भूमि और लोग, गांधीवादी साहित्य तथा बाल साहित्य जैसे विविध विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध हैं। प्रीमियम पुस्तकों की श्रेणी में 'राष्ट्रपति भवन श्रृंखला', राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के चयनित भाषण, महात्मा गांधी की रचनाएँ तथा पंडित मदन मोहन मालवीय की रचनाएँ विशेष रूप से शामिल हैं। पुस्तकों के समृद्ध संग्रह के साथ-साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का प्रकाशन विभाग भी मेले में अपनी प्रसिद्ध पत्रिकाएँ योजना, कुरुक्षेत्र, आजकल और बाल भारती प्रदर्शित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, आगंतुक यहाँ से रोजगार समाचार की वार्षिक सदस्यता भी खरीद सकते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला एक अत्यंत लोकप्रिय और प्रतिष्ठित आयोजन है, जिसमें देश-विदेश के नामचीन प्रकाशक भाग लेते हैं। यहाँ पुस्तक विमोचन, लेखक से मिलने के कार्यक्रम, युवाओं और बच्चों के लिए विशेष गतिविधियाँ तथा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाती हैं, जिनका आगंतुक भरपूर आनंद लेते हैं। कालजयी कृतियों से लेकर समकालीन लेखन, बाल साहित्य, अनुवाद और विचारोत्तेजक चर्चाओं तक, यह मेला प्रकाशकों, लेखकों और पाठकों को एक जीवंत मंच पर एकत्र करता है।वास्तव में, पुस्तकें ज्ञान की वाहक होती हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं, सभ्यताओं की स्मृतियों को संजोती हैं और समाज को दिशा देती हैं। इसी कारण किसी भी पुस्तक मेले का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत व्यापक होता है। पिछले कई वर्षों से दिल्ली में आयोजित यह पुस्तक मेला विश्वभर के प्रकाशकों के लिए एक प्रतिष्ठित और विश्वसनीय मंच बन चुका है। जानकारी के अनुसार, इस बार मेले में करीब 20 लाख से अधिक पाठकों के आने की उम्मीद है।इस मेले का प्रमुख उद्देश्य ज्ञान का लोकतंत्रीकरण करना है, ताकि निःशुल्क प्रवेश के माध्यम से आर्थिक स्थिति किसी के पठन और शिक्षा के मार्ग में बाधा न बने। साथ ही, डिजिटल और पारंपरिक पठन के संगम को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय के माध्यम से डिजिटल रीडिंग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मेले में लगाए गए डिजिटल कियोस्क से पाठक 6000 से अधिक निःशुल्क ई-बुक्स क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर सकते हैं।इस वर्ष कतर को 'अतिथि देश' (गेस्ट आफ आनर) बनाया गया है, जिसका पवेलियन कतर की पारंपरिक वास्तुकला पर आधारित है, जबकि स्पेन को 'फोकस कंट्री' के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जहाँ स्पेनिश साहित्य और नवाचार पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा, 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रदर्शनियाँ भी लगाई गई हैं। वहीं पीएम-युवा 3.0 योजना के अंतर्गत 22 भारतीय भाषाओं के युवा लेखकों को मेंटरशिप और अपनी पुस्तकों के प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। अंत में यही कहूंगा कि दिल्ली पुस्तक मेला 2026 साहित्य, संस्कृति और पठन-परंपरा के क्षेत्र में एक सफल, प्रेरक और ऐतिहासिक आयोजन के रूप में उभरा है। भारत मंडपम में आयोजित किए जा रहे इस पुस्तक मेले में देश-विदेश के प्रकाशकों, लेखकों और पाठकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था ने सभी वर्गों के लोगों को पुस्तकों से जोड़ने का अवसर दिया है, जिससे पाठक संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर, दिल्ली पुस्तक मेला 2026 न केवल पुस्तक उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज और युवाओं में पठन संस्कृति को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*इस बार मेले की मुख्य थीम -'भारतीय सैन्य इतिहासः वीरता और बुद्धिमत्ता @75' (इंडियन मिलिट्री हिस्ट्रीःवेलोर एंड विज्डम) रखी गई है, जिसके अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, इतिहास और योगदान को साहित्य और प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।थीम मंडप लगभग 1000 वर्ग मीटर में फैला एक अत्याधुनिक इमर्सिव (त्रि-आयामी) अनुभव प्रदान करता है, जहाँ भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को जीवंत रूप में दर्शाया गया है। यहाँ अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस के आदमकद मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं, जो मेले के प्रमुख आकर्षण हैं। साथ ही, देश के 21 परमवीर चक्र विजेताओं को विशेष श्रद्धांजलि भी दी गई है।इस पुस्तक मेले में 600 से अधिक साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेखक संवाद, कवि सम्मेलन तथा बच्चों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिससे यह मेला लेखकों, प्रकाशकों और पाठकों के लिए एक भव्य साहित्यिक उत्सव बन गया है। आज के डिजिटल, सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में जब पुस्तकों के प्रति रुचि कम होती जा रही है, ऐसे समय में यह मेला विशेष रूप से युवाओं (जेन-जेड) और बच्चों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।मेले में कला और संस्कृति, इतिहास, सिनेमा, व्यक्तित्व और जीवनियाँ, भूमि और लोग,*

## सम्पादकीय

# ईरान में बढ़ता संकट, भारत की चिंता बढ़ी




ईरान संकट गहरा गया है। अमेरिका के साथ तनाव बढ़ने के बीच उसने व्यावसायिक विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं। भारत के लिए यह संकट केवल एक दूरस्थ आंतरिक उथल-पुथल नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया में रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। अमेरिका के साथ ईरान की कटुता को देखते हुए साफ है कि वहां के हालात बदतर होते गए हैं। ऐसे में नई दिल्ली ने अपना राजनयिक दृष्टिकोण सतर्क और व्यावहारिक रखा। भारत ने ईरान के राजनीतिक नेतृत्व के साथ संपर्क बनाए रखा, ताकि रणनीतिक सहयोग को अल्पकालिक उथल-पुथल से बचाया जा सके। अब जबकि हालात बेकाबू हो रहे हैं, वहां फंसे दस हजार भारतीयों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय का कहना है कि उनके अधिकारी विभिन्न इलाकों में जाकर भारतीयों से संपर्क कर रहे हैं। उन्हें निकालकर स्वदेश लाने पर काम हो रहा है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि वहां से अपने नागरिकों को निकालने की तैयारी पूरी है और शुक्रवार को पहला जत्था भारत पहुंच जाएगा। ईरान में सत्ता प्रतिष्ठान जनता और सूचना दोनों पर नियंत्रण खोने से चिंतित है। न सिर्फ नागरिकों का सवाल है, वहां के पूरे परिदृश्य ने भारत की चिंता हर तरह से बढ़ा दी है। भारत की सबसे बड़ी चिंता चाबहार बंदरगाह परियोजना है, जिसमें उसने करोड़ों डालर का निवेश किया है। यह परियोजना पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान, मध्य एशिया, रूस और यूरोप के लिए एक रणनीतिक प्रवेश द्वार का काम करती है। ईरान में लंबे समय से जारी अस्थिरता इस परियोजना की समयबद्धता और रणनीतिक महत्त्व को खतरे में डालती है, विशेष रूप से चाबहार-जाहेदान रेलवे लाइन को। अशांत माहौल चीन को अपना प्रभाव बढ़ाने का अवसर भी दे सकता है, जिससे भारत की क्षेत्रीय और समुद्री स्थिति पर सवाल खड़े हो सकते हैं। क्षेत्रीय समीकरण के अलावा भारत के ऊर्जा हित भी दांव पर हैं, क्योंकि ईरान में राजनीतिक उथल-पुथल क्षेत्रीय ऊर्जा समीकरणों को बाधित कर सकती है और भविष्य के सहयोग को सीमित कर सकती है। नई चिंता ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 फीसद शुल्क से जुड़ी है। इस साल भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। वह वैश्विक दक्षिण की आवाज उठाता रहा है। इस नाते उसकी भूमिका अहम हो जाती है। इसमें भारत के लिए चुनौती यह है कि वह अपने रणनीतिक हितों की रक्षा करे और वह भी ईरान के आंतरिक संघर्षों या महाशक्तियों की प्रतिद्वंद्विता में उलझे बिना। तेहरान की स्थिति जटिल दिख रही है। भारत और ईरान के रिश्ते कभी विचारधारा से संचालित नहीं रहे। ये संबंध भूगोल, पहुंच और क्षेत्रीय संतुलन की जरूरत से बने हैं। ईरान में किसी भी तरह का बड़ा झटका भारत की वर्षों से साधी गई व्यापारिक राहों, कूटनीतिक समीकरणों और सुरक्षा गणनाओं को प्रभावित कर सकता है।

# सनातन हिन्दू धर्म में अंतिम यात्रा के महत्व को भूलती आधुनिक पीढ़ी



अरविंद रावल

हिन्दू धर्म परंपरा के अनुसार मनुष्य के जीवन में गर्भाधान से लेकर मृत्यु तक षोडश संस्कार, अर्थात प्रकार के सोलह संस्कार, किए जाते हैं। भारतीय हिन्दू धर्मग्रंथों में इन सभी संस्कारों का विधि-विधान विस्तार से वर्णित है। इन सोलह संस्कारों में सबसे अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार होता है अन्त्येष्टि संस्कार, जिसे मृत्यु कर्म संस्कार भी कहा जाता है। जब जीवात्मा अपने कर्मभोग के अनुसार मानव रूप में निर्धारित आयु पूर्ण कर शरीर का परित्याग करती है, उसी क्षण मृत्यु घटित होती है और उसी के साथ हिन्दू धर्म के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया आरंभ होती है । यह संस्कार मृतात्मा की शांति और मोक्ष की कामना से किया जाता है, इसलिए इसकी प्रक्रिया लंबी और जटिल मानी गई है। गरुड़ पुराण के अनुसार मृत्यु लोक से यमलोक की दूरी छियासी हजार योजन, अर्थात लगभग सात लाख किलोमीटर मानी गई है । शरीर त्यागने के बाद जीवात्मा को यम मार्ग की यात्रा अपने कर्मों के फलस्वरूप तय करनी पड़ती है । यदि मनुष्य ने जीवन में निष्पाप रहकर सत्कर्म किए हों तो यह मार्ग सुगम होता है, किंतु छल, कपट, दंभ, झूठ और दूसरों को पीड़ा देने वाले कर्मों के कारण यह यात्रा अत्यंत कष्टदायक बन जाती है, जहाँ मृतात्मा को प्रत्येक कोस पर घोर यातनाएं सहनी पड़ती हैं।

आज के आधुनिक, स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त युग में अधिकांश लोग शास्त्र सम्मत बातों को या तो नजरअंदाज कर देते हैं या उन पर विश्वास ही नहीं करते। विज्ञान पर बढ़ते भरोसे के कारण भारतीय धर्मग्रंथों की बातों को लोग महत्व नहीं देते, जबकि विज्ञान आज भी मृत्यु और उसके रहस्य को समझने में असमर्थ है । पूर्व के पंद्रह संस्कारों की तरह अंतिम संस्कार में भी मृतक के परिजन, रिश्तेदार और परिचित एकत्र होकर मृतक को श्मशान तक ले जाते हैं और तब तक वहां से वापस नहीं लौटते, जब तक कि देह अग्नि को पूर्ण रूप से समर्पित न कर दी जाए। यह परंपरा आज भी हिन्दू समाज में प्रचलित है। समय के साथ रीति-रिवाजों के निर्वहन के तरीकों में परिवर्तन अवश्य आया है, परंतु संस्कारों की मूल प्रक्रिया आज भी प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही की जाती है। शास्त्रों के अनुसार यदि संस्कार विधि-विधान से किए जाएँ तो जीवात्मा को परलोक में कम कष्ट भोगना पड़ता है । वर्तमान समय में लोग कार्य व्यस्तता का हवाला देकर धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक और शोक कार्यक्रमों से दूरी बनाने लगे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि भारत में इंटरनेट और स्मार्टफोन का सर्वाधिक उपयोग होता है और एक व्यक्ति प्रतिदिन चार से पाँच घंटे मोबाइल पर व्यतीत करता है। ऐसे में यह कहना कि अंतिम यात्रा में शामिल होने का समय नहीं है, तो गहन आत्ममंथन का विषय है।


आज की विडंबना यह है कि शिक्षित और आधुनिक कहलाने वाले लोग अपने ही परिचित की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं होते हे या केवल औपचारिकता निभाकर बीच में ही लौट आते हैं। हिन्दू धर्म में दाह संस्कार के मध्य श्मशान से लौटना वर्जित माना गया है । कपाल क्रिया से पूर्व लौटना अशुभ माना जाता है और पितरों की नाराज़गी की मान्यता भी इससे जुड़ी है । नियमों के अनुसार उठावने की तिथि का समय दाह संस्कार पूर्ण होने के बाद मृतक के घर से तय किया जाना चाहिए, किंतु आज समयाभाव के कारण लोग श्मशान में ही इसकी घोषणा कर देते है, जो परंपरा के विरुद्ध है। जहाँ एक ओर बुजुर्ग आज भी परंपराओं का पालन कर रहे हैं, वहीं आधुनिक शिक्षित वर्ग सुविधानुसार नियमों में परिवर्तन कर रहा है। तेरह दिन का शोक, जो हिन्दू धर्म में अनिवार्य माना गया हे किन्तु वर्तमान में कई समाज के लोगो द्वारा अपने व्यापार और व्यस्तता के कारण तीसरे दिन ही मृतक के सारे कर्म पूरे करने का चलन समाज मे बड़ी तेजी से चल रहा हे जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है ।

शास्त्र अनुसार देव पूजा या अन्य संस्कारों में त्रुटि होने पर क्षमा का विधान है, किंतु अंतिम संस्कार में त्रुटियों के लिए क्षमा का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए यह संस्कार शुद्धता, शालीनता और पूर्ण श्रद्धा से संपन्न किया जाना चाहिए। आज आधुनिक युग में व्यक्ति धन से संपन्न और भौतिक सुख सुविधा से संपन्न होने के बाद भी दुखी और बीमार ही नजर आता हे ! विलासिता और सुख सुविधाओं के हजारों संसाधनों के बावजूद प्रायः अधिकांश घरों में घरेलू कलह का वातावरण बना रहना, घरों में ही अपनों से दुखी होते लोग या किसी न किसी प्रकार से घर परिवार में बीमारी का वातावरण निर्मित रहना यह सब क्यों होता हे इस पर कभी आधुनिक आदमी ने चिंतन नहीं किया हे ! बेशक ऐश्वर्य कि सब कुछ सुविधाएं घरों में होने के बाद भी यदि शांति और प्रेम नहीं हे तो यह पितरों के नाराजगी का ही परिणाम माना जाएगा ! व्यक्ति कितनी भी तरक्की कर ले यदि उसके पितरु नाराज हे तो वह मानसिक रूप से सदैव दुखी ही नजर आएगा ! यह मान्यता है कि जब तक पितरों की आत्मा को शांति नहीं मिलती तब तक परिवार में कलह, रोग और अशांति बनी रहती है, जिसे पितृदोष कहा जाता है। चाहे हम कितने भी आधुनिक हो जाएँ, मृत्यु एक शाश्वत सत्य है—अटल है। इससे कोई नहीं बच सकता। अतः यदि जीवन को सुखमय और निरामय बनाना है, तो अपने परिवार, समाज और संबंधियों के अंतिम संस्कार को विधि-विधान से संपन्न करना होगा तभी पितरों की प्रसन्नता और आशीर्वाद परिवार पर बना रहेगा।

*आज की विडंबना यह है कि शिक्षित और आधुनिक कहलाने वाले लोग अपने ही परिचित की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं होते हे या केवल औपचारिकता निभाकर बीच में ही लौट आते हैं। हिन्दू धर्म में दाह संस्कार के मध्य श्मशान से लौटना वर्जित माना गया है । कपाल क्रिया से पूर्व लौटना अशुभ माना जाता है और पितरों की नाराजगी की मान्यता भी इससे जुड़ी है । नियमों के अनुसार उठावने की तिथि का समय दाह संस्कार पूर्ण होने के बाद मृतक के घर से तय किया जाना चाहिए, किंतु आज समयाभाव के कारण लोग श्मशान में ही इसकी घोषणा कर देते है, जो परंपरा के विरुद्ध है। जहाँ एक ओर बुजुर्ग आज भी परंपराओं का पालन कर रहे हैं, वहीं आधुनिक शिक्षित वर्ग सुविधानुसार नियमों में परिवर्तन कर रहा है। तेरह दिन का शोक, जो हिन्दू धर्म में अनिवार्य माना गया है किन्तु वर्तमान में कई समाज के लोगो द्वारा अपने*

# बेखौफ साइबर अपराधी

दिल्ली में डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर बुजुर्ग महिला कारोबारी से सात करोड़ रुपये की ठगी का मामला यही बता रहा है कि साइबर ठग बेलगाम बने हुए हैं। सात करोड़ रुपये की ठगी के पहले दिल्ली में ही एक एनआरआइ दंपती से 15 करोड़ की ठगी हुई थी। वास्तव में शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो, जब देश के किसी न किसी हिस्से से साइबर ठगी का मामला सामने न आता हो। हालांकि साइबर ठग बार-बार उन्हीं तौर-तरीकों से लोगों को ठगते हैं, जिनसे पहले तमाम लोगों को ठग चुके होते हैं, लेकिन फिर भी लोग उनके झांसे में आ ही जाते हैं। इनमें कई तो अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग होते हैं। उनके ठगे जाने से यही पता चलता है कि औसत लोग साइबर अपराधियों के तौर-तरीकों को लेकर जागरूक नहीं। साइबर ठग नकली पुलिस, सीबीआइ, कस्टम, ईडी, आयकर



अधिकारी या वकील-जज बनकर जिस आसानी से लोगों से लाखों-करोड़ों रुपये हड़प लेते हैं, उससे हैरानी होती है कि आखिरकार लोग यह क्यों नही समझ पा रहे हैं कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है? निःसंदेह लोगों को साइबर ठगी को लेकर जागरूक होने की जरूरत है, लेकिन इससे कहीं बड़ी जरूरत साइबर ठगों पर शिकंजा कसने की है। यह निराशाजनक है कि पुलिस और अन्य एजेंसियां इसमें सक्षम नहीं हो पा रही हैं। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर साइबर ठगी के बढ़ते मामलों का सुप्रीम कोर्ट की ओर से स्वतः संज्ञान लिए जाने पर केंद्र सरकार ने एक समिति गठित की, जिसमें एनआइए, सीबीआइ, साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर के सदस्यों के अलावा कई मंत्रालयों के अफसर और साथ ही रिजर्व बैंक के संयुक्त सचिव शामिल हैं, क्योंकि यह काम तो बहुत पहले ही कर लिया जाना चाहिए था। आशा है कि सुप्रीम कोर्ट इस समिति की रपट का संज्ञान लेकर ऐसे प्रभावी आदेश-निर्देश देगा, जिनसे साइबर ठगों पर लगाम लगेगी। ऐसा होना ही चाहिए, क्योंकि साइबर ठगी के तहत हड़पी जाने वाली राशि बढ़ती जा रही है। साइबर अपराधी केवल लोगों को डरा-धमकाकर ही ठगी नहीं कर रहे हैं। वे निवेश का आकर्षक लालच देकर भी लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। इससे यही पता चलता है कि वे बेलगाम और बेखौफ हैं। अधिकतर मामलों में वे पकड़े नहीं जाते और यदि पकड़े भी जाते हैं तो हड़पी गई राशि वापस नहीं मिल पाती, क्योंकि वह विदेश भेज दी गई होती है। साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए केवल पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम ही नहीं बनना होना होगा


## अपहरण व दुष्कर्म प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** अपहरण व दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में चितावा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस थाना चितावा क्षेत्र में की गई, जिससे क्षेत्र में कानून- व्यवस्था को लेकर आमजन में भरोसा मजबूत हुआ है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल नेहरा और वृताधिकारी मुकेश चौधरी के सुपरविजन में यह कार्रवाई अंजाम दी गई। थानाधिकारी तेजाराम के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी बलवीर कुमार को ग्राम चितावा से डिटेन कर विधिवत गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 2 दिसंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि 31 मई 2025 की रात्रि को आरोपी शादी का झांसा देकर उसे घर से भगा ले गया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को सीकर के एक होटल, लोसल, महाराष्ट्र के नागपुर, रेलवे स्टेशन तथा जयपुर के विभिन्न किराये के कमरों में रखा, जहां उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की ओर से शादी की बात उठाने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और अंततः जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गया। मामले में पुलिस थाना चितावा में प्रकरण संख्या 190/2025 अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। गहन तलाश के बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलवीर कुमार पुत्र मदनलाल, उम्र 23 वर्ष मेघवाल, निवासी चितावा, जिला डीडवाना-कुचामन के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल पुखराज और कांस्टेबल राकेश सामोता का विशेष योगदान रहा। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है। चितावा पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।



## श्री रामधाम बालाजी मंदिर में महायज्ञ की तैयारियां शुरू



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के अचरावाला गांव में श्री रामधाम बालाजी मंदिर में मुनेश्वरदास महाराज के सानिध्य में श्रीराम महायज्ञ को लेकर तैयारियां शुरू हो गई। श्री रामधाम बालाजी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश लाल शर्मा व महेश शर्मा ने बताया कि 19 जनवरी से लेकर 27 जनवरी तक चलने वाले श्रीराम महायज्ञ को लेकर तैयारियां शुरू हुई। जिसमें प्रधान कुंड की बोली कैलाश चेला अचरावाला के 14 लाख 25 हजार, महाध्वज की बोली कालूराम शर्मा के 3 लाख रुपए, योनीकुंड की महादेव जांगिड़ के 1 लाख 61 हजार, शिखर कलश की गणेश प्रधान 1 लाख 31 हजार रुपए, शिव अभिषेक रामस्वरूप प्रधान के 52 हजार रुपए, चतुर्थकुंड पर गोपाल लाल के 31 हजार रुपए व भामाशाह रामावतार शर्मा की ओर से श्रीराम महायज्ञ में 5 दिन भोजन की संपूर्ण व्यवस्था गई। इस अवसर पर मंदिर में मुनेश्वरदास महाराज, गणेश नारायण शर्मा, शिवनारायण, कैलाश चंद शर्मा, रामूलाल शर्मा, तेजपाल शर्मा, रामस्वरूप प्रधान, महेश कुमार शर्मा, गोलू पचाला, त्रिलोक शर्मा, ग्यारसी लाल प्रधान, बिहारीलाल प्रधान, रामूलाल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## फुलेरा में मकान में चोरी, एफएसएल ने जुटाए साक्ष्य



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** फुलेरा थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है। सूचना मिलते ही वृत्त अधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा व थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव पुलिस जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का गहन निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घटना की गंभीरता को देखते हुए जयपुर से एमओबी टीम व एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस की ओर से आसपास के क्षेत्रों की गहन जांच शुरू कर दी गई है, वहीं थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों तक शीघ्र पहुंचा जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने घरों को लंबे समय तक सूना न छोड़ें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मामले का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नानी बाई का मायरा भागवत कथा

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** उपखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत पंवालिया के ग्राम रूपवास में नानी बाई का मायरा भागवत कथा का आयोजन होगा। रामराज चौधरी ने बताया कि नानी बाई का मायरा कथा का वाचन परमपूज्या साध्वी सुभद्रा की ओर से किया जाएगा सउन्होंने कहा कि सोमवार को पूर्णाहुति कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सरपंच की ढाणी रूपवास में होगा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में एक दिवसीय सीएमपीओज कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव मागो के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व प्रयत्न संस्था धौलपुर की ओर से संचालित परियोजना कवच के संयुक्त तत्वाधान में नालसा आशा जागरूकता समर्थन सहायता और कार्यवाही मानक संचालन प्रक्रिया-बाल विवाह मुक्ति की ओर अग्रसर 2025 के संबंध में एक दिवसीय सीएमपीओज कार्यशाला का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभागार में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हवा सिंह, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मधु शर्मा व सदस्य बाल कल्याण समिति माजिद सरीफी की अध्यक्षता में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर व माला अर्पण कर किया गया।

इस अवसर पर सचिव रेखा यादव की ओर से उपस्थित लोगों को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की ओर से नालसा आशा जागरुकता समर्थन सहायता और कार्यवाही मानक संचालन प्रक्रिया-बाल विवाह मुक्ति की ओर अग्रसर 2025 लागू की गई है। इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करना, पीड़ित बच्चों को कानूनी संरक्षण व सहायता प्रदान करना और जन- जागरूकता को सशक्त बनाना है। इस मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत बाल विवाह की पूर्व सूचना, रोकथाम, पीड़ितों को तत्काल सहायता, कानूनी कार्यवाही व पुनर्वास की



स्पष्ट कार्ययोजना निर्धारित की गई है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल संरक्षण इकाइयों, महिला व बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स के बीच समन्वय स्थापित किया गया है साथ ही सचिव ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। इस स्कीम के माध्यम से आमजन को कानून की जानकारी देकर समाज में कानून के प्रति विश्वास व जिम्मेदारी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39ए यह सुनिश्चित करता है कि सभी को समान न्याय मिले, आर्थिक या सामाजिक कमजोरी के कारण कोई भी व्यक्ति न्याय से वंचित न रहे। सभी को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त हो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क वकील उपलब्ध कराना है, साथ ही सचिव ने न्याय आपके द्वार अभियान के बारे में बताया कि जनउपयोगिता सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निर्धारण के लिए 10 नवम्बर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक स्थायी लोक अदालतों के माध्यम से जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जावेगा। शिकायत भेजने का अधिकृत मोबाइल नम्बर 9119365734 है साथ ही सचिव ने मीडियेशन फॉर दी नेशन अभियान 2.0, राष्ट्रीय लोक अदालत व नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100, पॉश एक्ट, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, नई चेतना 4.0 महिलाओं के खिलाफ लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान व प्रोटेक्ट टूडे, स्क्योर टूमारो शीर्षक से पैन-इंडिया पर्यावरणीय विधिक साक्षरता व सामुदायिक संरक्षण पहल का शुभारंभ किया गया है। पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय विधिक जागरूकता को सुदृढ करना, सरल व किफायती निवारक उपायों को प्रोत्साहित करना, महिला व बाल विकास मंत्रालय की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 100 दिवसीय अभियान एवं टेली लॉ सेवाओं, भारतीय न्याय संहिता के संबंध में कानूनी जागरुकता व बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में भी से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हवा सिंह ने बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में बताया कि भारत एक प्राचीन सभ्यता वाला देश है, जहाँ परंपराओं और संस्कारों का विशेष महत्व रहा है। लेकिन कुछ कुप्रथाएँ ऐसी भी रहीं हैं, जिन्होंने समाज की प्रगति में बाधा डाली है। बाल विवाह ऐसी ही एक सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के अधिकारों का हनन करती है। बाल विवाह मुक्त भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज, सरकार और प्रत्येक नागरिक मिलकर इसके विरुद्ध ठोस कदम उठाएँ। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति मधु शर्मा ने बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में बताया कि बाल विवाह का अर्थ है जब लड़की की आयु 18 वर्ष से कम तथा लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने पर उनका विवाह कर दिया जाए। यह न केवल कानून के विरुद्ध है, बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। कम उम्र में विवाह के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और उन पर जिम्मेदारियों का बोझ आ जाता है, जिसे वे संभालने में सक्षम नहीं होते। सदस्य बाल कल्याण समिति माजिद सरिफी ने बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में बताया कि बाल विवाह विशेष रूप से बालिकाओं के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। कम उम्र में गर्भधारण से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे माँ और शिशु दोनों के जीवन को खतरा हो सकता है। इसके अतिरिक्त, घरेलू हिंसा, कुपोषण और मानसिक तनाव जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। इस प्रकार बाल विवाह गरीबी और अशिक्षा के दुष्चक्र को और मजबूत करता है। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल मीता अग्रवाल ने बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए भारत सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 लागू किया है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह कराना दंडनीय अपराध है और दोषियों को कारावास तथा जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही, सरकार की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, समग्र शिक्षा अभियान और किशोरी सशक्तिकरण जैसी अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा और सुरक्षा प्रदान करना है। परियोजना अधिकारी रजनी जैन ने संस्था की ओर से संचालित परियोजना कवच के उद्देश्य व संस्था की कार्यनीति व परियोजना का विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक वीरेंद्र सिंह जांगल ने जिले में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम से अवगत करवाया और जिला स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई व संबंधित विभागों के साथ मिलकर आयोजना कर कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाना बताया।

इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारी, बाल संरक्षण अधिकारी विजेंद्र कटारिया, पंचायत सहजकर्ता सरनाम सिंह व आर्यन आदि उपस्थित रहें।

## मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप, कांग्रेसियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** नावां नगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला कलक्टर महेन्द्र खड़गावत को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधानसभा नावां क्षेत्र में चल रही मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए त्वरित हस्तक्षेप की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत 12 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया और 12 दिसम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावे व आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि निर्धारित थी। कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के नियमों व इलेक्ट्रोल मैन्युअल 2023 के पैरा 11.3.2 (2) के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं की ओर से एसडीएम कार्यालय में एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म 6 व फॉर्म 7 बल्क में जमा किए गए। कांग्रेस कमेटी के अनुसार नियमों के तहत ब्लक आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सकते और एक मतदाता केवल एक ही फॉर्म प्रस्तुत कर सकता है। वहीं, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए भी प्रतिदिन अधिकतम 10 आवेदन ही जमा कर सकते हैं। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर बड़ी संख्या में आवेदन जमा किए जाना निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। ज्ञापन में मांग की गई कि नियमों के विरुद्ध जमा किए गए फॉर्म 6, 7 एवं 8 पर किसी भी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया जाए और इन सभी आवेदनों की संकलित सूची नियमानुसार कांग्रेस पार्टी को उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही, नियम विरुद्ध आवेदन प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारम्भ करने की भी मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी से इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर निष्पक्ष व पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष बाबुलाल बजाज, नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष अवदेश पारीक, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शौकत खान, पार्षद प्रतिनिधि सतीश परेवा मोजूद रहे।

## घुमन्तु समुदाय के लिए फुलेरा में विशेष शिविर आज

**फुलेरा( निस)।** राज्य सरकार की ओर से घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु) को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ऑन-लाइन घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, जिला कलक्टर, जयपुर की ओर से जारी आदेश की अनुपालना में उपखण्ड क्षेत्र मे विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपखण्ड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने बताया कि शहरी क्षेत्र नगरपालिका फुलेरा में यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाए जाएंगे और उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने संबंधित समुदाय के पात्र व्यक्तियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

## विहसंतसागर तीर्थधाम का भूमिपूजन व शिलान्यास 15 मार्च को

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** विहर्ष सागर चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उत्तर प्रदेश में चम्बल के बीहण में जैतपुरा, उदी रोड इटावा में एक विशाल व भव्य 'विहसंतसागर तीर्थधाम' के नव निर्माण के लिए 15 मार्च को भूमि पूजन किया जाएगा। उक्त विचार गणाचार्य विरागसागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागरजी महाराज ने श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर धौलपुर में 'पत्रकार वार्ता' में पत्रकारों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। विहसंत सागर तीर्थ जैन तीर्थंकर भगवान मल्लिनाथ स्वामी को समर्पित होगा। विश्व की प्रथम सवा उन्नीस फुट की भगवान मल्लिनाथ स्वामी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी । 4 बीघा के विशाल भूखंड पर विहसंत सागर तीर्थधाम का निर्माण होने जा रहा है। भूगर्भ से प्राप्त विशाल व भव्यातिभव्य 1800 वर्ष प्राचीन भगवान आदिनाथ स्वामी की अतिशयकारी मूर्ति एक जैसवाल जैन परिवार के भूखंड से प्राप्त हुई है। जिसकी स्थापना की जाएगी। नव निर्माणाधीन विहसंत सागर तीर्थधाम में भगवान मल्लिनाथ जिनालय, त्यागीवृति आश्रम, हॉस्पिटल, आहारशाला, गोशाला, तीर्थंकर वाटिका। गुरुकुल, त्रिकाल चौबीसी मानस्तंभ, ध्यान केंद्र, आश्रय भवन, ऑडिटोरियम, भोजनालय, यात्री निवास आदि का निर्माण किया जाएगा। आगामी 15 मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के मुख्य आथित्य में आयोजित होने जा रहे भव्यातिभव्य भूमि पूजन व शिलान्यास समारोह में संपूर्ण भारत वर्ष से हजारों की संख्या में साधर्मी बंधु सम्मिलित होगें। अभी तक विभिन्न स्थानों से 125 बसों की स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकीं है। उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उदी मोड़, जैतपुर में विहसंत सागर तीर्थधाम का निर्माण कराया जाएगा। धर्मस्थल का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए 15 मार्च को शिलान्यास का आयोजन किया गया है। उस कार्यक्रम में धौलपुर जिले के लोगों की सहभागिता बड़ी संख्या में हो उसके लिए आमंत्रण देने जैनमुनि विहसंत सागर महाराज धौलपुर आए हैं।उपाध्याय विहसंत सागर महाराज ने कहा कि इटावा जिले के पास जैतपुर में एक बड़ा विहसंत सागर तीर्थधाम का निर्माण कराया जा रहा है। इस धर्मस्थल को बनाने का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि उदीमोड से बटेश्वर जाने के लिए 40 किमी लंबे रास्ते में घना जंगल मिलता है। वहां जाने वाले धर्मावलंबियों के रास्ते में रुकने व उनके आहार की कोई व्यवस्था नहीं थी। जल्द ही विहसंत सागर तीर्थधाम का निर्माण होने से धर्मावलंबियों को वहां रुकने व भोजन की सुविधा मिल सकेगी। अभी तक उन्होंने देश में ऐसे 185 संतधाम बनवा दिए हैं। 186वां तीर्थधाम बनाने के लिए जैतपुर को चुना गया है। इसके लिए चार बीघा जमीन क्रय की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जैन संत कदम से चलते हैं और पत्रकार कलम से, इसलिए इस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार में मीडिया के सहयोग की जरूरत है ताकि विहसंत सागर तीर्थधाम के निर्माण में देश के अन्य प्रांतों के लोगों के साथ धौलपुर जिले के लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित हो। पत्रकार वार्ता के समापन पर श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी धौलपुर के संरक्षक विवेक वोहरा अध्यक्ष धनेश जैन, सतीश चंद्र जैन, डाक्टर एस के जैन, रुपेश जैन, प्रभास जैन व कमेटी ने सभी उपस्थित पत्रकार बंधुओं का सम्मान किया। इस अवसर पर महामंत्री अमित जैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि के अभाव में अटका लाखों का विकास, जल जीवन मिशन की टंकी पर संकट

### ग्राम पंचायत प्रशासक पर दोहरी राजनीति का आरोप, कलेक्टर के दर पहुंचे ग्रामीण

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पोयणा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत स्वीकृत बड़ी पेयजल टंकी का निर्माण सरकारी भूमि के अभाव में पिछले कई महीनों से अटका हुआ है। टंकी निर्माण और शिलान्यास की सभी तैयारियां होने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटने से यह योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई है। इससे नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को पाली जिला कलेक्टर एल एन मंत्री को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के आसपास उपलब्ध सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं का अवैध कब्जा है, लेकिन ग्राम पंचायत प्रशासक, उपखंड प्रशासन और राजस्व विभाग की निष्क्रियता के कारण अतिक्रमण हटाया नहीं जा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार ग्राम पंचायत, तहसील और उपखंड कार्यालय में ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन हर बार केवल नोटिस देकर खानापूर्ति की गई। इससे अतिक्रमणकारियों के हौसले और बुलंद हो गए



हैं। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि 'टंकी के लिए जमीन ढूंढना हमारा काम नहीं, यह राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है।' यदि गांव वालों के पास निजी जमीन होती तो अब तक टंकी बन चुकी होती। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत हाई लेवल टंकी के लिए न्यूनतम 100म100 फीट यानी 10 हजार वर्गफुट भूमि की आवश्यकता है। इसके लिए खाता संख्या 01 के खसरा नंबर 90 से 92 में से भूमि चिन्हित भी की गई, लेकिन वहां कच्चे बाड़े और अवैध तबेले बनाकर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि जुलाई 2025 में सुमेरपुर विधायक, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और ग्राम पंचायत को इस संबंध में अवगत कराया गया था। 15 नवंबर 2025 को बामनेरा ग्राम पंचायत भवन में हुई ग्राम सभा में भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ, इसके बावजूद आज तक भूमि पीएचईडी को सुपुर्द नहीं की गई। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत प्रशासक पर अतिक्रमण हटाने में दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि प्रशासन और पंचायत जानबूझकर मामले को लटकाए हुए हैं, जिससे गांव का विकास बाधित हो रहा है और ग्रामीणों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर को यह भी बताया कि गांव का प्राचीन सार्वजनिक कुंआ 'पेचका' सदियों से पेयजल का प्रमुख स्रोत रहा है। इसी पेचका की भूमि पर पूर्व में सरकारी योजना के तहत जेएलआर टंकी बनी थी और आज भी पुरानी टंकियां मौजूद हैं। आबादी बढ़ने से जल संकट गहराने पर अब हाई लेवल टंकी की स्वीकृति मिली है, जिसे उसी सार्वजनिक भूमि पर बनवाने की ग्रामीणों की मांग है। इसके लिए पंचायत के नाम बक्शीशनामा भी पंजीकृत है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की कि उक्त खसरों से तत्काल अतिक्रमण हटवाकर 0.89 हेक्टेयर सार्वजनिक भूमि में से आवश्यक 10 हजार वर्गफुट जमीन टंकी निर्माण के लिए पीएचईडी को सौंपी जाए, ताकि जल जीवन मिशन की योजना शीघ्र धरातल पर उतर सके। ज्ञापन के साथ ग्रामीणों ने अतिक्रमण से जुड़े दस्तावेज और फोटो भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर भगवत सिंह देवड़ा, अजय पाल सिंह देवड़ा, गेमाराम कुमावत, बाबूलाल जालेरा, धनाराम प्रजापत, नारायण भारती, मूलाराम कुमावत, मंसाराम कुमावत, सेलाराम मेघवाल, रामलाल जालोरा, भीमाराम कुमावत, गणेशाराम कुमावत, पुखराज कुमावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# हक देखने के बाद आलिया भट्ट बनीं यामी गौतम की फैन



आलिया भट्ट ने हाल ही में फिल्म हक देखी। आलिया को हक बेहद पसंद भी आई। जिसे लेकर आलिया ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर यामी के बारे में कुछ खास लिखा है और साथ ही यह भी बताया है कि वह अब उनकी फैन बन गई हैं। नेटफ्लिक्स पर आने के बाद कई बॉलीवुड सितारों ने हक को देखा और अपनी राय दी। आलिया से पहले कियारा आडवाणी ने भी यामी की तारीफ की थी। उन्होंने लिखा था, अभी नेटफ्लिक्स पर हक देखी, यामी गौतम, क्या शानदार परफॉर्मेंस थी। आलिया भट्ट ने यामी गौतम के अभिनय की बहुत तारीफ की है। आलिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, क्वीन यामी गौतम, हक में आप कला, दिल और सोने की तरह चमक रही हैं। यह मेरे अब तक के सबसे अच्छे महिला किरदारों में से एक है... जैसा मैंने फोन पर भी कहा था... मैं यामी की बहुत बड़ी फैन हूं और आपके आने वाले सभी कामों का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

### किसके बारे में है फिल्म हक?

फिल्म में यामी गौतम ने शाजिया बानो का किरदार निभाया है और इमरान हाशमी ने वकील की भूमिका की है। इसके अलावा वर्तिका सिंह, दानिश हुसैन, शीबा चड्ढा और परिधि शर्मा जैसे कलाकार भी हैं। निर्देशक सुपर्ण वर्मा हैं। फिल्म हक बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली। वहीं अब ओटीटी पर भी फिल्म को काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक कोर्टरूम ड्रामा है, जो सुप्रीम कोर्ट के एक बड़े फैसले से प्रेरित है। दर्शकों और समीक्षकों को यह फिल्म बहुत पसंद आई।



# विवेक ओबेरॉय के साथ सुर्खियों में आईं श्रेया शर्मा

अभिनेत्री श्रेया शर्मा, जिन्होंने हाल ही में मस्ती 4 में अपने अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा, अब अपने करियर की एक बड़ी छलांग के लिए तैयार हैं। श्रेया जल्द ही फिल्म मिस्टर एंड मिसेज ग्रे में फीमेल लीड के रूप में नजर आएंगी, जहां वह पहली बार विवेक ओबेरॉय के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इस घोषणा के साथ ही फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, जो श्रेया के अभिनय सफर में एक नए और रोमांचक अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और लगातार बदलते, चुनौतीपूर्ण किरदारों के चयन के लिए पहचानी जाने वाली श्रेया की मिस्टर एंड मिसेज ग्रे में कास्टिंग इस बात का संकेत है कि वह अब और अधिक गहराई व परफॉर्मेंस-ड्रिवन प्रोजेक्ट्स की ओर बढ़ रही हैं। यह फिल्म जटिल रिश्तों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव की पड़ताल करने वाली बताई जा रही है, जिसमें श्रेया का किरदार अनुभवी अभिनेता विवेक ओबेरॉय के साथ एक अहम भूमिका निभाएगा। प्रोजेक्ट को लेकर बात करते हुए श्रेया शर्मा ने इस फिल्म की अपने लिए अहमियत पर एक भावुक और विस्तार से भरा नोट साझा किया।

मिस्टर एंड मिसेज ग्रे मेरे पास उस समय आई, जब मैं जानबूझकर ऐसा किरदार तलाश रही थी जो मुझे भावनात्मक और रचनात्मक रूप से चुनौती दे। विवेक ओबेरॉय के साथ काम करना एक अद्भुत सीखने का अनुभव है—वह हर सीन में गहराई और सच्चाई लेकर आते हैं। कहानी तीव्र, वास्तविक और बेहद परतदार है, और मेरा किरदार एक शक्तिशाली भावनात्मक सफर से गुजरता है। मैं निर्माताओं की आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर इतना मजबूत किरदार निभाने का भरोसा किया, और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक इस फिल्म से गहराई से जुड़ेंगे। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का मानना है कि मिस्टर एंड मिसेज ग्रे श्रेया शर्मा के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हो सकती है, जो उन्हें एक उभरती हुई प्रमुख अभिनेत्री के रूप में स्थापित करेगी। मस्ती 4 ने जहां उन्हें लोकप्रियता दिलाई, वहीं यह नई फिल्म उनके अभिनय को ठोस आधार देने वाली है। जैसे-जैसे मिस्टर एंड मिसेज ग्रे को लेकर उत्सुकता बढ़ रही है, सभी की नजरें अब श्रेया शर्मा पर टिकी हैं—एक ऐसी अभिनेत्री जो साफ तौर पर अपने करियर के अगले स्तर में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# प्यार में धोखे मिलने के बाद रिश्तों को लेकर क्या सोचती हैं रश्मि देसाई?



टीवी सीरियल उतरन में तपस्या ठाकुर बनकर फेमस होने वाली रश्मि देसाई अपने नए चैट शो रश्मि दिल से दिल तक को लेकर छाई हुई हैं। अभिनेत्री का शो टीवी स्टार्स के निजी जीवन के बारे में दर्शकों को गहराई से बताएगा, लेकिन असल जिंदगी में खुद इतने सारे धोखे खाने के बाद प्यार और शादी के बारे में रश्मि की राय काफी अलग है। अभिनेत्री का कहना है कि अगर वो किसी के साथ इमोशनली इंवॉल्व होती हैं, तो अपना सब कुछ दे सकती हैं। एक्टर नंदीश संधू से टूटी शादी और कई लड़कों को डेट करने के बाद भी रश्मि देसाई आज भी सही पार्टनर की तलाश में हैं। अभिनेत्री ने खास बातचीत में प्यार, शादी और रिश्ते पर चर्चा की। कपल के बीच के इमोशंस पर बात करते हुए रश्मि देसाई ने कहा कि मैं बहुत प्रैक्टिकल इंसान हूं और मुझे क्रैक कर पाना बहुत मुश्किल है। अगर मैं किसी के साथ इमोशनल पार्ट पर जुड़ी तो उसे अपना दिल, जायदाद, घर और पैसा सब कुछ दे दूंगी क्योंकि मेरे लिए इंसान मैटर करता है, लेकिन अब इतने धोखे खाने के बाद मैंने किसी को अपनी तरफ आने की इजाजत नहीं दी है, लेकिन कहते हैं कि भगवान कोई न कोई रास्ता दिखा ही देता है। इस शो के दौरान मैंने समझा है कि रिश्ता दो लोगों के बीच का होता है, सबका नहीं होता है। रश्मि देसाई ने कहा कि उन्होंने ये भी सीखा कि काम और पर्सनल लाइफ को हमेशा अलग रखना चाहिए। अब मैंने अपने इमोशन को काम में शिफ्ट कर दिया है और मुझे काम करना बहुत पसंद है और ये मुझे हील करने का काम करता है और मेरा हैप्पी प्लेस है।



# 5 करोड़ की एलिमनी पर माही विज ने तोड़ी चुप्पी

हाल ही में टीवी के फेमस कपल में शुमार जय भानुशाली और माही विज ने अपने तलाक की घोषणा की। कपल ने एक ज्वाइंट स्टेटमेंट जारी कर फैंस को सेपरेट होने की बात बताई थी। ज्वाइंट स्टेटमेंट के बाद भी दोनों के फैसले, तलाक की एलिमनी और बच्चों को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। अब माही विज ने इन सभी सवालों के जवाब दिए हैं। एक्ट्रेस ने अपने हालिया यूट्यूब व्लॉग में इन पर बात की है। माही ने अपने इस व्लॉग को 'प्लीज स्टॉप इट' कैप्शन दिया है। वो कहती हैं- 'हां, मैं जय से अलग हो गई हूं। हमारा तलाक हो गया है लेकिन हम अच्छे दोस्त रहेंगे। हम दोनों ऐसे बने हैं कि हमें पीसफुल लोग हैं। हमें ड्रामा, झगड़े या गंदगी पसंद नहीं है। हमने आपसी सहमति से यह फैसला किया और अलग-अलग रास्ता अपनाया। हमारे लिए यही सही था।'

नफरत भरे कमेंट्स पर रिएक्शन देते हुए माही ने कहा- मैं कमेंट सेक्शन में बहुत कुछ पढ़ रही हूं। लोग पूछ रहे हैं कि हमने बच्चे क्यों गोद लिए, हमारे बच्चे क्यों पैदा किया? हमारा बैंक अकाउंट खाली नहीं है। हम अपने बच्चों की देखभाल कर सकते हैं। और ऐसा भी नहीं है कि जय अपनी जिम्मेदारियों से भाग गया हो या मेरे पास कुछ भी न हो। हमारे तीनों बच्चे पहले की तरह ही अपनी जिंदगी जीते रहेंगे। ये बच्चों के लिए अच्छी बात है। वो देखेंगे कि अगर कोई चीज काम नहीं कर रही तो इसका ये मतलब नहीं है कि तोड़ने के समय गंदगी फैलाएं। या कोर्ट-कचहरी में एक-दूसरे को घसीटो। मुझे लगता है कि मेरे बच्चे मुझे पर और जय पर प्राउड फील करेंगे। वहीं, तलाक की घोषणा के बाद दावा किया जा रहा था कि माही ने 5 करोड़ की तलाक एलिमनी मांगी है। इस दावे पर बात करते हुए माही ने कहा- 'मैं इंस्टाग्राम पर देख रही थी कि लोग लाइक और कमेंट के लिए कह रहे हैं कि माही ने 5 करोड़ की एलिमनी ले ली। ये बहुत दुखद है। आधी जानकारी में कुछ भी मत करिए। हमारे पुराने वीडियो निकालकर, कयास लगाए जा रहे हैं। हमने तो कुछ किया नहीं, आप लोगों ने पूरी गंदगी फैला दी। इसकी जरूरत नहीं। माही ने अपने व्लॉग में उनलोगों को भी लताड़ लगाई है, जो उनके फैसले के ड्रामा बता रहे हैं। एक्ट्रेस ने कहा- 'कोई ड्रामा नहीं है। किसी को तलाक लेना अच्छा नहीं लगता है। ऊपर वाला ना करें कि तुमलोगों के घर में ऐसा हो। जिस पर बीतती है, उसे पता है। हमारी इंडस्ट्री में तलाक लेना कोई मजाक नहीं बना है। बाहर भी तलाक हो रहा है। हर जगह तलाक हो रहा है। हमने ने इज्जत के साथ रिश्ते से निकलने का फैसला किया है, छोटे शहरों की लड़कियां बॉयफ्रेंड के लिए मर्डर कर दे रही हैं। आपलोग क्या बात कर रहे हैं?'

# आने वाली फिल्म के जरिए संवेदनशील मुद्दों को सामने ला रही हैं श्वेता त्रिपाठी

समाज को आईने की तरह दिखाने वाली फिल्मों की एक अलग ही अहमियत होती है। ऐसी फिल्मों में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि समाज के उन मुद्दों को सामने लाने की हिम्मत होती है, जिन पर आम तौर पर लोग चुप रहते हैं। अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अपनी आने वाली फिल्म पलकों पे के जरिए इन संवेदनशील मुद्दों को सामने ला रही हैं। श्वेता त्रिपाठी ने शूटिंग के अनुभव को साझा किया और उसे चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, शूटिंग लगातार कई दिनों तक चली। यह लंबा शेड्यूल था। इस थकान भरे सफर ने पूरी टीम को और करीब ला दिया। कलाकारों और तकनीकी टीम के बीच जो समझ और भरोसा बना, वह फिल्म में दिखाई देगा। शूटिंग के दौरान एक-दूसरे की मदद करना सभी के लिए एक नई ऊर्जा बन गया। पलकों पे को लेकर श्वेता ने कहा, मुझे फिल्म की कहानी ने सबसे ज्यादा आकर्षित किया। फिल्म उन सवालों का सामना करती है जिनसे समाज अक्सर आंखें मूंद लेता है। तलाक, लैंगिक समानता, यौन पहचान और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दे इस फिल्म में सीधे और ईमानदारी से उठाए गए हैं। ये वे विषय हैं जिन पर लोग आमतौर पर बात करना पसंद नहीं करते। इस फिल्म में बिना झिझक इन मुद्दों को प्रभावशाली तरीके से पेश किया गया है।

उन्होंने कहा, फिल्म के निर्देशक निधिश पुझक्कल ने इसे और भी खास बनाया है। उनका अंदाज अलग है। वह हर सीन, हर खामोशी और हर भावना को एक मनोवैज्ञानिक नजरिए से देखते हैं। ऐसे निर्देशन में काम करना एक अभिनेता का सपना होता है। इससे कलाकार अपने किरदार की गहराई में उतर सकता है और हर सीन में पूरी सच्चाई ला सकता है। उनका यह दृष्टिकोण फिल्म को केवल कहानी नहीं, बल्कि अनुभव बनाता है। श्वेता के अलावा फिल्म में अभिषेक चौहान और ईशान नकवी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

श्वेता ने सह कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, अभिषेक और ईशान दोनों ही बेहद ईमानदार और समर्पित कलाकार हैं। इस समर्पण ने मुश्किल और लंबे दिनों को भी सार्थक बना दिया। सभी ने पूरी मेहनत और दिल से काम किया, जिससे फिल्म का हर सीन प्राकृतिक और प्रामाणिक नजर आता है।



# शादी मेरे लिए तीन दिन की पार्टी थी और वो हो गई



**इस साल शादी के रिश्ते में बंधी यूट्यूबर टर्न ऐक्ट्रेस प्राजक्ता कोली अपनी फिल्म जुग जुग जियो से लेकर वेब सीरीज मिसमैच्ड और अब सिंगल पापा तक में वुड बी ब्राइड यानी होने वाली दुल्हन के किरदार में दिखीं। ऐसे में, स्क्रीन वाली शादी से लेकर असल जिंदगी में शादी के रिश्ते को लेकर प्राजक्ता से हमने की ये बातचीत**

वेब सीरीज मिसमैच्ड की डिंपल के रूप में ऐक्टिंग करियर शुरू करने वाली यूट्यूबर टर्न ऐक्ट्रेस प्राजक्ता कोली फिल्म जुग जुग जियो से लेकर हालिया सीरीज सिंगल पापा तक में शादी की तैयारी में जुटी दुल्हन के किरदार में दिखाई दीं। वहीं, इस साल वह असल जिंदगी में भी लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड वृशांक खलान की दुल्हनिया बन गईं। ऐसे में, स्क्रीन पर बार-बार लहंगा पहनने के अनुभव पर प्राजक्ता ने बताया कि वैसे तो उन्हें लहंगे में रेडी होने में बड़ा मजा आता है, लेकिन एक शो की शादी वाले लहंगे से उन्हें इतनी नफरत हो गई थी कि वह उसे जला देना चाहती थीं।

### उस लहंगे से नफरत हो गई थी

बकौल प्राजक्ता, मुझे लहंगे से दिक्कत नहीं है। लहंगा पहनकर मजा ही आता है, मगर सिंगल पापा वेब सीरीज हमने जहां शूट की, वहां थोड़ी दिक्कत हुई। यह सीरीज हमने रणथंभौर में मई की गर्मी में 48 डिग्री तापमान में शूट किया। हालांकि, इसमें भी मेरा लहंगा बहुत सुंदर है पर आखिर तक मुझे उससे इतनी नफरत हो गई थी कि मैंने हमारे कॉस्ट्यूम डिजाइनर को बोला था कि क्या पैकअप के बाद मैं इसे जला सकती हूं। मुझे इसे इतनी नफरत है कि मुझे इसे जलाकर इसके इर्द गिर्द नाचना है, वरना बाकी सब मजेदार था।

### शादी बहुत खूबसूरत अहसास

वहीं, असल जिंदगी में शादी के बाद क्या खास और अलग महसूस कर रही हैं? इस बारे में वह बताती हैं, शादी मेरे लिए तीन दिन की पार्टी थी और वो हो गई। मैं मेरे पार्टनर वृशांक के साथ पिछले 14 साल से हूं तो पहले 13 साल हमने जिस चीज को बिल्ड किया था, अब उसे इंजॉय कर पा रहे हैं क्योंकि इतने सालों में पहली बार हम साथ रहे रहे हैं। मेरे लिए तो शादी के बाद के ये पिछले नौ-दस महीने बहुत खूबसूरत रहे हैं। मेरे लिए शादी एक खूबसूरत अहसास है क्योंकि मुझे ऐसा शख्स मिला जिसके साथ मैं बहुत खुश हूं। हमने साथ में समय लिया, फिर इस साल की शुरुआत में हमने शादी की।

### पैरेंट्स के साथ न रहना खलता है

वहीं, शादी के बाद के बदलावों पर प्राजक्ता आगे कहती हैं, शादी के बाद अगर किसी बदलाव से मैं जूझ रही हूं तो वो यह है कि मैं अपने मम्मा-पापा के साथ नहीं रहती। मेरे लिए वह सबसे मुश्किल बात थी। बाकी के बदलावों को तो वृशांक ने मेरे लिए बहुत आसान बना दिया लेकिन अपने पैरेंट्स से अलग रहना मेरे लिए बहुत मुश्किल रहा है। वहीं, शादी को पुरानी संस्था करार देने के सवाल पर उनका कहना है, यह हर इंसान के निजी अनुभव और सोच पर निर्भर करता है। मुझे नहीं लगता कि कोई यंग लड़का या लड़की यह सोचता/सोचती होगी कि मुझे इसलिए शादी नहीं करनी क्योंकि यह एक पुरानी संस्था हो चुकी है। यह बेशक हो सकता है कि उसने अपने घर पर ऐसा कुछ देखा हो, जिससे वह इस रिश्ते में न पड़ना चाहे या उसे ऐसा कोई मिला नहीं, मगर मुझे लगता है कि इस सोच को जनरलाइज करना सही नहीं है।

### मराठी फिल्म करने का सपना हुआ पूरा

नए साल में प्राजक्ता की एक पुराना सपना भी सच होने जा रहा है, जिसे लेकर वह खासी उत्साहित हैं। वह बताती हैं, 12 साल पहले जब मैं कॉलेज में थी, तब मराठी थिएटर करती थी। मैंने महाराष्ट्र और पूरे देश में करीब 150 शोज किए थे। इजरायल में भी हमने शो परफॉर्म किया था, लेकिन रेडियो में काम शुरू करने के बाद मैंने वह बंद कर दिया था। हालांकि, मेरा तब से मन था कि मैं कभी मराठी फिल्म करूं क्योंकि वो मेरी मातृभाषा भी है। इस साल के पहले दिन ही मेरी पहली मराठी फिल्म रिलीज हो रही है, जिसके लिए मैं बहुत एक्साइटेड हूं।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
17 जनवरी, 2026

## युवा व जन कल्याण है राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता -जनसंपर्क विभाग के साहित्य का वितरण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी देने और जनसंपर्क विभाग की ओर से प्रकाशित साहित्य को युवाओं, विद्यालय के छात्र-छात्राओं तक पहुंचाया जा रहा है। शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरानी छावनी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को साहित्य का वितरण किया गया। राजकीय विद्यालय में विभाग की ओर से प्रकाशित समृद्ध किसान खुशहाल राजस्थान, संस्कृति और विरासत, हरियालो राजस्थान, महिला शक्ति, श्रमिकों की उन्नति, ऑपरेशन सिंदूर, आपणो अग्रणी राजस्थान, युवा शक्ति, फ्लैगशिप योजनाएं, बढ़ता विकास का रथ के ब्रोशर, पॉकेट बुकलेट तथा दो वर्ष पर आधारित पुस्तक छात्र-छात्राओं को दिए गए। सहायक निदेशक सूचना व जनसम्पर्क अधिकारी राजकुमार मीणा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विभिन्न वर्गों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। युवा व जनकल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर प्रदीप किशोर जोनवाल, आदित्य शर्मा, अंकित कुमार बंशीवाल, सुधांशु सक्सैना सहित विद्यालय का स्टाफ व अन्य मौजूद रहे।

## मतदाता पुनरीक्षण में अनियमितताओं का आरोप, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप को लेकर बिजौलिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने उपखण्ड अधिकारी व निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मनरेगा समन्वयक प्रभारी कैलाश चौधरी के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों व इलेक्टोरल मैनुअल-2023 की अवहेलना करते हुए एक राजनीतिक दल की ओर से बिना ठोस कारण बड़ी संख्या में फॉर्म-6, 7 एवं 8 बल्क में जमा कराए गए हैं। कांग्रेस ने ऐसे नियम विरुद्ध आवेदनों को निरस्त करने, जमा किए गए सभी फॉर्मों की संकलित सूची उपलब्ध कराने और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अनिल राव, अंकित तिवारी, मुकेश खटीक, शक्तिनारायण शर्मा, सत्यनारायण मेवाड़ा, तूफान यादव, छीतर प्रजापत, रंजीत सिंह कानावत, रामफुल धाकड़, दिनेश पालीवाल, विशाल तिवारी, रामेश्वर सेन, जुगनू टॉक, सुनील शर्मा, रईस पेंटर, सत्तार फौजदार, बाबूलाल नायक सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के 2 आरोपियों को आजीवन कारावास

### 6 आरोपियों को प्रोबेशन पर जमानत देकर छोड़ा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** खेत विवाद को लेकर हुए मारपीट व जानलेवा हमले के साढ़े पांच साल पुराने मामले में दो आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही मामले में संलिप्त अन्य 6 आरोपियों को प्रोबेशन पर जमानत देकर छोड़ दिया है। जिला व सेशन न्यायालय धौलपुर के लोक अभियोजक शैलेंद्र मथुरिया ने बताया कि मामला जिले के कौलारी थाना क्षेत्र का है। जिसमें पुरानी छावनी निवासी राजू पुत्र महेंद्र सिंह गुर्जर ने मारपीट व जानलेवा हमले को लेकर मुकदमा दर्ज कराया था। कौलारी थाने में दर्ज मुकदमे में परिवादी राजू गुर्जर ने बताया कि 7 जुलाई 2020 को उसका भांजा हरिओम, बलदाऊ, सुनील निवासी झारपुरा अपने खेतों पर काम कर रहे थे। तभी सोने का पुरा निवासी दाताराम, बनवारी, कैलाशी, थान सिंह, बेनीराम, भीकम, पूरन और लल्लूराम कुशवाह एक राय होकर हाथों में लाठी, फरसा, कट्टे लेकर आए। जिन्होंने मारपीट की। उसी दिन शाम करीब 6 बजे उनका रिश्तेदार कृष्णा जब अपने घर लौट राह था तो पूरन और लल्लूराम ने लाठी मारी व जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर किया, जिसके छर्रे कृष्णा के सिर में जाकर लगे और घायल हो गया। जिसका जयपुर में इलाज चला। लोक अभियोजक मथुरिया ने बताया कि इसी प्रकरण में जिला व सेशन न्यायधीश संजीव मागो ने सुनवाई करते हुए दोषी सिद्ध होने पर आरोपी पूरन पुत्र कैलाशी कुशवाह और लल्लूराम पुत्र हरिचरन कुशवाह निवासी सोने का पुरा कौलारी को आईपीसी की धारा 307 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि इसी प्रकरण में अन्य आरोपियों दाताराम, बनवारी, कैलाशी, थान सिंह, बेनीराम और भीकम सिंह को प्रोबेशन पर जमानत देकर छोड़ दिया है।

### सुमेरपुर में आपत्तियों की बाढ़, बीएलओ को धमकाने का आरोप

# मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप, कांग्रेस ने निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** बीएलओ पर दबाव बनाकर अनैतिक तरीके से मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने और इसका विरोध करने वाले बीएलओ को स्थानांतरण की धमकियां देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य राज्य निर्वाचन अधिकारी के नाम सुमेरपुर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सुमेरपुर विधानसभा कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा के नेतृत्व में उपखंड निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम कालूराम कुम्हार के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नेपालसिंह पावा,नगर उपाध्यक्ष शैतान कुमार,नासिर खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नेता विपक्ष के आरोपों का हवाला:

ज्ञापन में बताया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी समय-समय पर निर्वाचन प्रक्रिया में वोट




चोरी के आरोप लगाते रहे हैं। हरिशंकर मेवाड़ा ने दावा किया कि सुमेरपुर उपखंड में भी इसी तरह की स्थिति सामने आ रही है,जहां सत्ताधारी दल के दबाव में एसआईआर के बाद जारी प्रथम ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम हटाने की कार्रवाई की जा रही है। और एसआईआर के आंकड़े सामने रखे गए हैं। मेवाड़ा ने बताया कि सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र (121) में कुल 342 बूथ हैं। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 28 अक्टूबर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक फॉर्म-6 के तहत 7031,फॉर्म-7 के तहत 322 और फॉर्म-8 के तहत 1835 आवेदन प्राप्त हुए। प्रक्रिया के दौरान विधानसभा क्षेत्र में कुल 29 हजार 93 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं।

### बीएलओ पर दबाव और तबादले की धमकी:

मेवाडा ने कहा कि कई बीएलओ ने अनौपचारिक रूप से बताया कि उन पर गलत भौतिक रिपोर्ट देने का दबाव बनाया जा रहा है। निर्देश दिए जा रहे हैं कि आपत्ति आते ही नाम काट दिए जाएं और विरोध होने पर पिछली तारीख में नोटिस दिखा दिए जाएं। आदेश नहीं मानने पर दूरदराज क्षेत्रों में तबादले की धमकियां भी दी जा रही हैं। साथ ही आरोप है कि बीएलओ केवल एक दल के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं,जबकि सभी दलों के बीएलए-2 से चर्चा अनिवार्य है।

### आपत्तियों की बाढ़, बिना नोटिस नाम हटाने का आरोप:

मेवाड़ा ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने और प्रथम ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद भी प्रत्येक बूथ पर 30 से 75 मतदाताओं के नाम काटने के लिए आपत्ति फॉर्म स्वीकार किए जा रहे हैं। यह स्थिति आमजन की समझ से परे है और भाजपा व निर्वाचन अमले की मिलीभगत की ओर इशारा करती है। आरोप लगाया कि जिन मतदाताओं के विरुद्ध आपत्तियां दी जा रही हैं, उन्हें बिना नोटिस जारी किए और उनका पक्ष सुने बिना ही नाम हटाए जा रहे हैं, जबकि नियमों के अनुसार पहले भौतिक सत्यापन, फिर नोटिस व सुनवाई आवश्यक है।

### पुरानी मतदाता सूची पर सवाल, आंदोलन की चेतावनी:

ज्ञापन में आगामी नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों के लिए जनवरी 2025 की मतदाता सूची को आधार बनाने पर आपत्ति जताई गई। मेवाड़ा ने कहा कि एसआईआर पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी उसकी अंतिम सूची का उपयोग नहीं करना प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न है। कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उपखंड निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट तलब की जाए। मांगें नहीं मानी गईं तो उग्र आंदोलन और राजस्थान हाईकोर्ट जाने की भी चेतावनी दी गई।

## *श्री कुमावत समाज सेवा संस्थान की सराहनीय पहलः शिक्षा में मिली मजबूती*

### कुमावत सेवा संस्थान का 23 वा विद्यार्थी सम्मान समारोह कल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** श्री कुमावत समाज सेवा संस्थान सुमेरपुर की ओर से रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह कुमावत धर्मशाला परिसर में आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। होने वाले इस विद्यार्थी सम्मान समारोह को लेकर समाज के साथ छात्र-छात्राओं में खुशी की दौड़ छाई हुई है। समाज में लगातार होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह से शिक्षा के क्षेत्र में काफी मजबूती आई है,वहीं राजनीतिक व सरकारी नौकरियां में भी मुनाफा हुआ है।

### यह होंगे कार्यक्रम के अतिथि:

इस आयोजन को लेकर संस्थान के अध्यक्ष नारायण लाल गहलोत ने बताया कि श्री कुमावत सेवा संस्थान के तत्वाधान में होने वाला सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत होंगे और अध्यक्षता उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार करेंगे। समारोह के विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी जीवाराम टांक, डॉक्टर तेजाराम सोलंकी, डॉक्टर सावन कुमावत और मित्तल सेक्शन लिमिटेड कंपनी सेक्रेटरी गुंजन रामीणा समेत कई हस्तियां शिरकत करेंगी। वहीं मंच संचालन ललित बड़वाल करेंगे। अध्यक्ष गहलोत ने बताया कि समारोह में वर्ष 2024-2025 की कक्षा 8, 9, 10, 11 और 12 , स्नातक-स्नातकोत्तर में 65' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सुमेरपुर कुमावत समाज के छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा । साथ ही समारोह में आर्थिक योगदान देने वाले भामाशाहों का भी स्वागत किया जाएगा । हर वर्ष की भांति इस बार भी यह कार्यक्रम कुमावत समाज, सुमेरपुर भवन में आयोजित होगा। श्री कुमावत सेवा संस्थान के बैनर तले 23 वा प्रतिभा सम्मान समारोह,रविवार को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप देने के लिए संस्थान के सभी पदाधिकारी व सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं। नटवर रामीणा, कूपाराम सुन्देशा, तुलसाराम रोटांगण, पुखराज सोलंकी, चंपालाल चांदोरा, ललित बड़वाल, गुलाबचंद परिहार, नरपतलाल सणवेचा, खीमाराम रामीणा, हीरालाल पाड़ीवा, बाबूलाल गहलोत, ओमप्रकाश कुमावत, धनराज रामीणा, भैराराम मालविया, बाबूलाल रोटांगण, छगनलाल सणवेचा, नारायण गहलोत, पुनाराम कुमावत आदि समाज बंधु प्रतिभा समारोह की तैयारियों में अपनी सेवा दे रहे हैं।

## एसएमसी व एसडीएमसी की एक दिवसीय जिला आमुखीकरण कार्यशाला का समापन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** पीएमश्री विद्यालयों में एसएमसी व एसडीएमसी की एक दिवसीय जिला आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन पीएमश्री महात्मा गाँधी विद्यालय सिटी कोतवाली धौलपुर में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित से किया। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जितेंद्र जादौन ने बताया कि एपीसी बबीता पाराशर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि के रुप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी व विशिष्ठ अतिथि पीएमओ डॉ समरवीर सिकरवार रहे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल, एडीओ माध्यमिक व जिले के समस्त ब्लॉकों के सीबीईओ और पीएमश्री विद्यालयों के समस्त प्रधानाचार्य व एक-एक एसडीएमसी सदस्य व अभिभावक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ए एन सोमनाथ ने संविधान कक्ष पर विवेश बल दिया। उन्होंने बच्चों को छोटे छोटे चित्र व प्रसंगों के माध्यम से संविधान के प्रस्तावना व उद्देश एवं कर्तव्यों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए संविधान के लिए प्रेरित किया गया। विशिष्ठ अतिथि डॉ समरवीर सिंह सिकरवार की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण की विधियों व स्वास्थ्य सजगता पर प्रकाश डाला। सीडीईओ धौलपुर महेश कुमार मंगल ने विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास एवं विद्यालयों में एडीएमसी, एसएमसी की प्रबंधन व्यवस्था पर प्रकाश डाला। एडीपीसी समग्र जितेंद्र जादौन ने शिक्षा से विद्यालयों में सभी गतिविधियों को समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देश प्रदान किए और व्यय राशि को एसएनए स्पर्श पोर्टल पर इन्द्राज करने पर विशेष बल दिया। राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले नवनीत त्रिपाठी व अतुल चौहान ने एसडीएमसी, एसएमसी मॉडयूलों के अनुसार वार्ता व जानकारी प्रदान कराई। प्रधानाचार्य बाड़ी हरिओम सिकरवार की ओर से प्रयोगशाला कक्ष व पुस्तकालय कक्ष का सही उपयोग विद्यार्थियों को उचित समय पर कराया जाने पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा धौलपुर शिवराम सेन की ओर से समस्त उपस्थित अतिथियों व अन्य समस्त उपस्थिति अधिकारी, कार्मिकों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मर गई मां की ममताः सात माह के नवजात को सड़क पर कचरे में छोड़ा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दो दिनों में कचरे के ढेर से नवजात मिलने की दूसरी घटना सामने आने से पूरे शहर में सनसनी फैल गई है। ताजा मामला निहालगंज थाना क्षेत्र का है, जहां आरएसी लाइन रोड स्थित ग्रांडील तिराहा के पास कचरे के ढेर में करीब सात माह का नवजात बेसहारा अवस्था में मिला। घटना उस समय सामने आई जब नाली की सफाई के दौरान स्थानीय लोगों की नजर कचरे के ढेर पर पड़ी। वहां नवजात को देखकर लोग सन्न रह गए। बताया गया कि उस वक्त आवारा श्वान बच्चे को नोचने के लिए पहुंच रहे थे। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए श्वानों को भगाया और किसी तरह बच्चे की जान बचाई। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद नवजात को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। बच्चे की हालत और पूरे घटनाक्रम ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर कर रख दिया। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले भी ओडेला रोड क्षेत्र में कचरे के ढेर से एक नवजात बच्ची मिलने की घटना सामने आ चुकी है। लगातार दो दिनों में हुई इन घटनाओं ने समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और सामाजिक विघटन की गंभीर तस्वीर पेश की है। अब पुलिस इस सवाल का जवाब तलाश रही है कि आखिर मां ने नौ माह तक कोख में रखने के बाद सात माह के नवजात को इस तरह निर्दयता से बेसहारा क्यों छोड़ दिया। पुलिस की ओर से आसपास के क्षेत्रों, अस्पतालों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है। फिलहाल निर्दयी मां की तलाश जारी है। शहर में हर जुबान पर एक ही सवाल है, कब थमेगा यह अमानवीय सिलसिला, और कब समाज ऐसी घटनाओं के प्रति जागरूक होकर नवजीवन की रक्षा के लिए आगे आएगा।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने गीता देवी को दिया नया संबल

जयपुर टाइम्स





**धौलपुर(निस)।** गीता देवी एक साधारण गांव की रहने वाली विधवा महिला है। पति के असमय निधन के बाद उनके जीवन में कठिनाइयों का ऐसा दौर शुरू हुआ, जिसने उन्हें भीतर तक तोड़ दिया। सीमित संसाधन, कोई स्थायी आय का साधन नहीं और सबसे बड़ी चिंता थी उनकी बेटी लक्ष्मी कुमारी का भविष्य। गीता देवी आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार से थीं और बेटी की शादी का विचार आते ही वे चिंताओं से घिर जाती थी। बढ़ता खर्च और अकेलेपन का बोझ उनके संघर्ष को और गहरा कर देता था। बेटी की शादी की तैयारी के नाम पर उनके पास न तो पर्याप्त धन था और न ही कोई सहारा। कई बार उन्हें यह लगता कि शायद वे अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभा नहीं पाएगी। इन्हीं कठिन परिस्थितियों में एक दिन सामजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, बाड़ी की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में गीता देवी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के बारे में जानकारी मिली। विभाग के अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सहायता के लिए है। अधिकारियों ने न केवल योजना की जानकारी दी, बल्कि गीता देवी का ऑनलाइन आवेदन भी स्वयं करवाया। यह उनके लिए उम्मीद की एक नई किरण थी। कुछ समय बाद जब उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी लक्ष्मी कुमारी की शादी के लिए 31 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत हो गया है, तो उनकी ऑखों में आसू आ गए- ये आंसू दुख के नहीं, बल्कि राहत और कृतज्ञता के थे। आज वे गर्व के साथ कहती है कि सरकार की इस योजना ने उन्हें अकेलेपन में सहारा दिया। वर्तमान में गीता देवी आत्मविश्वास से भरी हुई है और भविष्य में किसी छोटे रोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बनने का सपना देख रही है। गीता देवी की कहानी इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि समाज की कमजोर महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और भरोसा देने वाली एक सशक्त पहल है। ऐसी योजनाएं समाज में समानता और संवेदनशीलता को मजबूत करती है और जरूरतमंदों के जीवन में सच्चा परिवर्तन लाती है।

## राष्ट्र का गौरव राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलः गौरव यादव

### सड़क सुरक्षा माहः सेमिनार का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर व यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में सड़क सुरक्षा विषय को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने कहा कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल राष्ट्र का गौरव है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी देश का मान बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में इन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। जिससे यह जानकारी है हमेशा याद रहे और इसे अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में बताई बातें हमेशा स्मृति पटल पर बनी रहती है। विद्यार्थी सड़क में घायल को निकटतम चिकित्सालय पहुंचकर अच्छे मददगार के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के विद्यार्थी लाखों विद्यार्थियों में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं । ऐसे में यातायात नियमों की पालन करना इनके लिए और भी ज्यादा जरूरी है। क्योंकि अन्य विद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के विद्यार्थियों का अनुसरण करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लाइसेंस प्रक्रिया और नियमों की अवे्हलना पर होने वाले चलानों के बारे में जानकारी दें। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी अभी से यातायात नियमों की पालना की आदत डालें। इससे निकट भविष्य में जब वे समाज में सग्योग नागरिक के रूप में स्थापित होंगे तो उन्हें इन सारे नियमों की जानकारी पहले से ही होगी। सेमिनार को न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर एडवोकेट ने भी संबोधित किया। अंत में परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई। इस अफसर पर विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी की ओर से मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया गया। मंच का संचालन संदीप मिश्रा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के सोमेंद्र विश्वास, वी साहू व रामनारायण देशवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा परिवहन विभाग की ओर से लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य लोक नाटक का आयोजन किया गया जिसमें अलवर से आई कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की मनमोहक रोचक प्रस्तुतियां दी और स्थानीय भाषा का उपयोग कर उन्होंने शहर वासियों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। नाटक मंचन टीम ने सैपऊ, राजाखेड़ा और धौलपुर में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति। टीम की ओर से बाड़ी बसेड़ी व सरमथुरा में शनिवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा ।

## पीसीसी सचिव ने सिरसला व लोहसना में किया मनरेगा श्रमिकों से संवाद

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसला व लोहसना पंचायत में शुक्रवार को मनरेगा के तहत चल रहे कार्य क्षेत्र पर पीसीसी सचिव मुस्ताक खान ने मनरेगा श्रमिकों से संवाद किया। इस अवसर पर मुस्ताक खान ने कहा कि सरकार मनरेगा कानून में संशोधन कर उसे बंद करने का प्रयास कर रही है, वह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का मानदेय चार सौ रुपए से अधिक होना चाहिए और सरकार को श्रमिकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था शुरू करनी चाहिए। पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण ने कहा कि ग्रामीणों की उपस्थिति को किसी भी सूरत में डिजिटाइजेशन करना स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य पुरुषोत्तम बिजारणियां, पार्षद अंजनी शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, पंचायती राज तहसील अध्यक्ष सुरेश फोगावट, कांग्रेस नेता बनवारी भाकर, छात्र नेता फरमान खान, रणजीत सहारण, रामलाल फोगावट, फूलाराम फोगावट, प्रवीण मुहाल, याकूब मनियार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# रतनगढ़ में विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां शुरू

## दास बालाजी मंदिर परिसर में भूमि पूजन व भगवा ध्वज स्थापना

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर में आगामी 25 जनवरी को प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में दास बालाजी मंदिर हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से प्रान्त प्रचारक बाबूलाल के सान्निध्य में दास बालाजी मंदिर के समीप स्थित नोहरे में विधिवत भूमि पूजन व भगवा ध्वज की स्थापना की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नवीन हरित की ओर से गणेश पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात मातृ शक्ति के मंगल गीतों के बीच प्रभु श्रीराम एवं दास बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना पूरे वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न करवाई गई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर प्रान्त प्रचारक बाबूलाल




ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए स्वदेशी संस्कृति, खान-पान और रहन-सहन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को 'पंच परिवर्तन' का संकल्प लेना होगा, जिससे आने वाले समय में स्वस्थ, स्वच्छ एवं सुदृढ़ हिन्दू समाज का निर्माण संभव हो सके। एकता, समरसता, प्रकृति संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन और आपसी प्रेम जैसी वर्षों पुरानी भारतीय परंपराएं ही हिन्दू समाज और राष्ट्र की उन्नति का आधार हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रासायनिक खादों व प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग से गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं, वहीं समाज में घटती सामाजिक एकजुटता और टूटते परिवार भी गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। इन समाज सुधारों में माताओं और बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए। आयोजन समिति ने बताया कि 25 जनवरी को रतनगढ़ में दास बालाजी हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में बुधगिरि मढ़ी फतेहपुर के महंत दिनेशगिरी और विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक का सान्निध्य रहेगा। कार्यक्रम में भव्य कलश यात्रा, प्रेरक उद्बोधन, भजन संध्या व दास बालाजी का सवामणि भोज आयोजित किया जाएगा, जिसमें हर घर को निमंत्रण दिया जाएगा। भूमि पूजन व भगवा ध्वजारोहण के अवसर पर हरिराम कड़ेल, विश्वनाथ सोनी, वासुदेव चाकलान, उदय दायमा, सीताराम जांगिड़, सुभाष सोनगरा, प्रकाश तोषावड़, पवन तोषावड़, मुकेश सारस्वत लधासर, विष्णु सोनालिया, मनोज सोनी पार्षद, कैलाश डांवर, गंगाधर महायच, मुकेश पारीक, मनोज कड़ेल, वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुरेश सेवदा, रामदेव चंदनिया, जगदेव सांखोलिया सहित गणेश बस्ती के सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

## विष्णु भूत ने विधायक भागचंद टाकड़ा से की शिष्टाचार भेंट



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल राज्य ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन राजस्थान (आरटिया) के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु भूत ने जयपुर प्रवास के दौरान बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक भागचंद टाकड़ा से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात विधायक टाकड़ा के गांधीनगर, जयपुर स्थित सरकारी आवास पर हुई। भेंट के दौरान आरटिया प्रदेश अध्यक्ष विष्णु भूत ने विधायक भागचंद टाकड़ा का दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों के बीच विभिन्न समसामयिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही विष्णु भूत ने विधायक टाकड़ा को शेखावाटी अंचल के दौरे पर आने का निमंत्रण दिया।भूत ने विधायक को खाटूश्यामजी में श्याम बाबा, शाकंभरी मैया, जीण माता व सालासर बालाजी के दर्शन करने का भी आग्रह किया।

## विजयपुरा स्कूल में शिक्षिका बनी भामाशाह, 100 विद्यार्थियों को जूते किए वितरित




जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती गांव विजयपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक प्रेरणादायक सामाजिक पहल देखने को मिली। विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका विनोद देवी ने भामाशाह की भूमिका निभाते हुए स्कूल में अध्ययनरत करीब 100 विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। शिक्षिका विनोद देवी ने यह सेवा कार्य अपने पिता मोहरसिंह टोक्स की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी मूलभूत जरूरतों की पूर्ति भी समाज की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर चंदगीराम, पतराम राहड़, सुमेर राहड, मानसिंह फौजी व जयसिंह बुडानिया की ओर से विद्यालय को ग्रीन बोर्ड भेंट किया गया, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य चुन्नीलाल बडेसरा ने सभी भामाशाहों व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से सरकारी विद्यालयों का शैक्षिक वातावरण और मजबूत होता है। इस दौरान बबिता जाखड, राजकुमार, हरिराम, राजपाल राहड़, रणवीर सिंह, सचिन, सरिता आदि उपस्थित रहे।

## स्टेंप प्रशिक्षण में शिक्षकों को मिला यातायात, साइबर सुरक्षा व पॉक्सो कानून का ज्ञान



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निसं)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पाटन के अधीन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय किशोरपुरा में कक्षा 6 से 10 तक गणित व विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए चल रहे स्टेंप प्रशिक्षण के दौरान गुरुवार को जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर पाटन थाना अधिकारी रमेश मीणा ने शिक्षकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा और डिजिटल अरेस्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। थाना अधिकारी मीणा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। साथ ही उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए डिजिटल अरेस्ट जैसी नई चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए उन्होंने बच्चों की सुरक्षा व संवेदनशीलता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण प्रभारी अशोक कुमार यादव (आरपी) ने बताया कि इस स्टेंप प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 100 शिक्षक भाग ले रहे हैं, जिन्हें नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता सत्र शिक्षकों के साथ-साथ समाज के लिए भी उपयोगी सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

## कब्रिस्तान व श्मशान घाट से 15 किलो प्लास्टिक मांझे को इकट्ठा कर किया नष्ट



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पूर्व पार्षद असलम अली काजी और उनकी टीम ने मकर संक्रांति के बाद शुक्रवार को कब्रिस्तान व श्मशान घाट से करीब 15 किलो प्लास्टिक मांझे को इकट्ठा कर नष्ट किया। इस दौरान कई पक्षी मरे हुए मिले तो कई घायल मिलें। घायल पक्षियों का इलाज करवाया गया। इस अवसर पर ईदगाह कॉलोनी सदर अख्तर हुसैन, वार्ड अध्यक्ष अयूब नागौरी, बाबू काजी, सिकंदर चोपदार, शबीर कुरैशी, आरिफ ठेकदार, इकबाल कुरैशी, फारूक धोबी, सिकंदर काजी, शरीफ कुरैशी, चांद बिसायती, अशरफ, अरशद, अली अहमद आदि मौजूद रहे।

# अजीतसर में सैंकड़ों विद्यार्थियों स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले की सरदारशहर तहसील के ग्राम अजीतसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य ट्रस्टी वीरेंद्र अग्रवाल (तोला), इला देवी गुरुकुल एजुकेशन ट्रस्ट मुंबई के आर्थिक सौजन्य व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा चूरू के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विद्यालय के 106 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रणसिंह लांबा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार महर्षि रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक परमेंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य गिरधारी सिंह व इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य जगदीश शर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीडीओ महर्षि ने ईला देवी गुरुकुल एजुकेशन ट्रस्ट की प्रशंसा करते हुए सरकारी विद्यालयों में दिए जा रहे आर्थिक सहयोग के लिए ट्रस्ट का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान अतिथियों ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए कक्षा 10 व 12 के छात्र-छात्राओं को परीक्षा संबंधी टिप्स दिए। सहायक निदेशक शर्मा ने राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और छात्र-छात्राओं को पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य करने की नसीहत दी। इससे पूर्व विद्यालय की व्याख्याता पूनम सैनी, जवाहर सिंह, दयापाल पूनिया, श्रवण पारीक, अनुराग सिंह, मुनीराम बांगड़वा, अकरम खान, सुमित्रा पूनिया, ईश्वर राम मीणा, जयप्रकाश खेमका, भवानी शंकर, श्रवण कुमार व विक्रम सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रामेश्वर लाल प्रजापत ने किया। प्रधानाचार्य लांबा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## गंदे पानी के भराव की समस्या के समाधान की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने पिछले काफी महीनों से सुजानगढ़ की बाई पास रोड़ स्थित रेलवे फाटक संख्या 3 के सामने मुख्य सड़क पर गंदा पानी भरने की समस्या का समाधान करने की मांग जिला कलक्टर को एक पत्र लिखकर की है। पत्र में बताया गया है कि कई बार पैदल राहगीरों के लिए यह समस्या जी का जंजाल बन जाती है। क्योंकि लोग कीचड़ के चलते पैदल रास्ते को पार नहीं कर पाते। सबसे बड़ी बात है कि इधर का पानी उधर के चक्कर में आम जनता और वाहन चालक पिस रहे हैं। दूसरी ओर सुजानगढ़ के लगभग सभी विभागों के अधिकारी यहां से अपनी गाड़ियों में गुजरते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। जबकि समस्या सबको नजर आती है। ज्ञापन में बताया गया है कि फरवरी माह से नगरपरिषद में आयुक्त का पद रिक्त है, जिसके कारण कर्मचारी जन समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते।



## पार्षद ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नगर परिषद कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों का लगातार 9वें दिन भी धरना शुक्रवार को जारी रहा। नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता को एपीओ करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे पार्षद रेवंतमल पंवार ने बताया कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती है, तो मैं सोमवार से भूख हड़ताल शुरू करूंगा। धरने पर भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, पन्नालाल सोनी, प्रेम स्वामी, नरेन्द्र प्रजापत, गणेश मण्डावरिया, पार्षद पुरूषोत्तम शर्मा, पार्षद गौरव इन्दौरिया, प्रेमप्रकाश स्वामी, पार्षद हरिओम खोड, रविन्द्र पांडे, अशोक कुमार तिवाड़ी, प्रकाश भार्गव, मनीष दाधीच, राजकुमार तेजी, विष्णु दाधीच, तुषार शर्मा, प्रदेश कुमार वाल्मिकी, महेश जोशी, राजकुमार बागड़ा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक कर सभी कार्यकर्ताओ को एसआईआर में अनियमितता व गड़बड़ी के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया गया। मतदाता सूची में गलत नाम जुड़ना व सही नाम कटना नहीं चाहिए। इसको लिए उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया। ज्ञापन देने वालों में देहात कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक, ऊमरदीन सैयद, मनफूल खाँ फौजी, महावीर माली, जितेन्द्र स्वामी, मोतीलाल जाखड़, बाबूलाल सैनी, राकेश पारीक मेहरासर, फारूक ज्यान मोहम्मद, नबाब खां ठेकेदार, नूरमोहम्मद रिजवान, हैदर अली सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान शुक्रवार को ग्राम पंचायत पूलासर, खींवणसर, काकलासर, देराजसर, जीवनदेसर में मनरेगा से जुड़े नागरिकों व गांव के अन्य लोगों के बीच संवाद कर जागरूक किया गया। इस योजना में परिवर्तन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। सभा अध्यक्ष ने बताया कि योजना में बदलाव कर संविधान से प्रदत्त काम मांगने के



अधिकार व न्यूनतम मजदूरी के अधिकार को छिना जा रहा है। योजना के वित्तीय प्रावधानों में बदलाव कर राज्य सरकार पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। बैठक में मनरेगा के बदलाव से ग्रामीण ओर गरीब जनता के साथ रोजगार की गारन्टी खत्म करने का प्रयास किया है। नई योजना से महात्मा गांधी का नाम हटा दिया है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों से मनरेगा बचाओ संग्राम जन आन्दोलन में सक्रिय सहयोग करने की अपील की गई। केन्द्र सरकार के प्रस्तावित संशोधनों के दुष्प्रभावों की जानकरी पहुंचाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर बजरंगलाल, राकेश कुमार, भीखाराम, गजानन्द, सांवरमल पूलासर, प्रभुसिंह, जुगलसिंह, हनुमानसिंह खींवणसर, राजूराम, सागारनाथ, शिवरतन, परमेश्वर लाल, रामलाल काकलासर, गोपीचन्द, बनवारी लाल, रामावतार , मनीराम देराजसर, मनीराम शिव नारायण, भंवरलाल, बनवारी लाल जीवनदेसर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री ने की जरूरतमंदों की सेवा

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा ने जरूरतमंद लोगों की सेवा की। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने कहा कि भरत शर्मा संगठन के प्रति समर्पित भाव रखने वाले कार्यकर्ता हैं। सादगी व सहयोग की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने वाले कार्यकर्ता का सम्मान सम्पूर्ण संगठन का सम्मान है।विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र ने कहा कि विप्र फाउंडेशन हर उस कार्यकर्ता व पदाधिकारी का सम्मान करता है जो संगठन की रीति नीति को अपनाकर संगठन व समाज के लिए पूर्ण रूप में अग्रणी भूमिका निभाते हुए कार्य करता है। भरत शर्मा सरदारशहर में संगठन की शुरुआत से ही सारथी बनकर मजबूती प्रदान करने वाला कार्यकर्ता हैं जो वर्षों से सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना के साथ सतत कार्य कर रहा है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र, तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा ने शर्मा का साफापहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मान किया।




पदाधिकारियों ने संगठन के दुपट्टे पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर देहात अध्यक्ष मांगीलाल सेवदा, राजेन्द्र तिवारी साहवा, स्पर्श मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता ललित राजपुरोहित सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अन्नपूर्णा रसोई के व्यवस्थापक विकास बागड़ी की देखरेख में जरुरतमंदों को खाना खिलाया गया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## कांग्रेस नेताओं ने सौंपा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कांग्रेस नेताओं ने नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा के नेतृत्व में एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपकर एस आई आर के तहत बल्क आपत्तियां नहीं लेने की मांग की है। साथ ही जयपुर में बीएलओ को धमकाने की घटना की निंदा करते हुए भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोक लगाने की मांग की है। कांग्रेस नेता इदरीश गौरी, अमित मारोठिया ने बीएलओ को धमकाने की घटना को लोकतंत्र की हत्या बताया और कहा कि बीएलओ और बीएलए इंसान ही हैं, लेकिन एक दल के लोग उन पर बेवजह का प्रेशर बनाकर उनको परेशान कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा, विद्याधर बेनीवाल, सिराज खान कायमखानी, साबिर अली चौहान, पूनमचंद मेघवाल, पार्षद जाकिर क्याल, पार्षद ईकबाल खां कायमखानी, राजकुमार इंदौरिया, ओंकारमल मेघवाल, रेखाराम मेहरड़ा, असलम मौलानी, विवेक लाटा, कन्हैयालाल माली, रामचंद्र गोदारा, सलीम बेहलीम, धनंजय महरिया, मास्टर दाऊद काजी, रामनिवास गुर्जर, अमजद खान कायमखानी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## मकर संक्रांति पर मांझे से कटे पक्षियों का किया उपचार



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मकर संक्रांति पर आकाश में उड़ने वाले मूक पक्षियों की सुरक्षा को लेकर भामाशाह गोपाल केड़िया की ओर से आयोजित विशेष पक्षी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मुख्य बाजार स्थित में आयोजित इस शिविर में पतंगबाजी के दौरान घातक मांझे की चपेट में आए घायल पक्षियों का त्वरित उपचार कर उन्हें नया जीवन दिया गया। केड़िया ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 11 पक्षियों का प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें सर्वाधिक संख्या कबूतरों की रही, वहीं मांझे से घायल कोयल व नन्ही गौरैया जैसे पक्षियों का भी उपचार कर उन्हें सुरक्षित किया गया। भामाशाह केड़िया ने उन जागरूक नागरिकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने घायल पक्षियों को समय रहते शिविर तक पहुंचाया। आमजन से अपील की कि त्योहार के बाद भी यदि कहीं पेड़ों या बिजली के तारों पर फंसा मांझा दिखाई दे तो उसे अवश्य हटाएं, ताकि भविष्य में होने वाली पक्षी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## चौकवाले बालाजी मंदिर का द्वादश वार्षिकोत्सव



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** श्री चौकवाले बालाजी मंदिर के द्वादश वार्षिकोत्सव पर चल रहे दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन प्रथम सत्र में हनुमत रुद्राभिषेक किया गया। पं सुरेश शर्मा के आचार्यत्व में प@ विप्रों ने मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी, शिवजी और महालक्ष्मी जी का अभिषेक सम्पन्न करवाया। मंदिर पुजारी पं घनश्याम शर्मा ने बताया कि प्रथम दिवस प्रारंभ हुआ रामचरित मानस पाठ दूसरे दिन प्रातः संपूर्ण होने के बाद रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ। पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया के सान्निध्य में शुरू हुए इस अनुष्ठान में राहुल व्यास और मोनिका व्यास दंपत्ति ने देवी देवताओं का आह्वान करते हुए विधि विधानपूर्वक अभिषेक किया। आयोजक व्यास परिवार की ओर से महेश व्यास, प्रदीप व्यास, कुणाल व्यास, सुमन, श्रीकांत, नवीन, दीक्षा, विनीता भाटी, लक्षिता, प्रवीण मीनाक्षी, रौनक, लक्ष्य, सक्षम, पूर्णा व्यास आदि ने भगवान् का अभिषेक किया। इस अवसर पर मनोज जोशी, राजीव उपाध्याय, रामनारायण व्यास, अरुण रामगढ़िया, नीलमणि नौहाल, प्रकाश चौधरी, भगवान सिंह, राजेश महर्षि, मदन पारीक आदि उपस्थित रहे।

## रामदेव गौशाला में गौसेवा कर कमाया पुण्य




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव आबसर स्थित बाबा रामदेव गोशाला में शुक्रवार को राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र किलक ने लक्ष्मीदेवी की पुण्यतिथि के अवसर पर गौसेवा कर गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने लक्ष्मी देवी को श्रद्धांजली भी अर्पित की। इस अवसर पर धर्मेंद्र किलक ने गोशाला में सेवाएं दे रहे ग्वालों का सम्मान भी किया और उनके योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गौसेवा सर्वोपरि सेवा है, जो समाज सेवा और जीव दया का श्रेष्ठ उदाहरण है। कार्यक्रम में पंचायत के प्रशासक गिरधारी कांटीवाल, गोशाला संचालक ईश्वर सुथार, सीताराम स्वामी, दामोदर स्वामी, रवि स्वामी, पंकज, प्रताप सिंह, मोहन किलका, गिरधारीलाल जाट माली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गोपालपुरा में शून्य कचरा गांव अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में शून्य कचरा गांव अभियान शुरू किया गया। जिसमें प्लास्टिक व कांच तथा डिस्पोजल आइटम को प्रत्येक गुरुवार को संकलन करने के लिए गांव के हर गली में श्रृंखला संस्थान के सौजन्य से गाड़ी घुमाई जाएगी। प्रशासक सविता राठी ने कहा कि पूरे गांव में इस गतिविधि के लिए घूमकर प्रचार किया




गया है कि प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने से गायों व बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हो पाएगी। प्रकाश स्वामी ने कहा कि इस अभियान से गांव को कचरे से मुक्त करने की दिशा में सहयोग प्राप्त होगा। ग्रामीण गंगासिंह, श्रृंखला संगठन के अजय कौशिक व सुनीता शर्मा, कवि हरिराम, धर्माराम ने आदि इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीण भंवराराम सारण, श्रवण पलानिया, मुन्ना मेघवाल, मोहन राम, मनोहर नाई, श्रीराम शर्मा, दीपचंद गिलड़ा, श्याम लाहोटी, भींवाराम प्रजापत, धन्नाराम मेघवाल आदि ने योजना का प्रचार किया।

## सैकड़ों लोगों को उपलब्ध कराए आयुर्वेदिक उत्पाद और स्वास्थ्य सप्लीमेंट्स




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / जयपुर(निस)।** राजस्थान सरकार के तत्वावधान में आयोजित 'आरोग्यम हेल्थ कैंप 2026' के दौरान दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से शुक्रवार को जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में तीन दिवसीय स्टाल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस स्टाल ने अपनी जन-कल्याणकारी गतिविधियों और स्वास्थ्य परामर्श के माध्यम से बड़ी संख्या में आमजन का ध्यान आकर्षित किया। सभी प्रकार के शरीरिक मानसिक अध्यात्मिक परामर्श प्रदान किए गए। तीन दिनों तक आयुर्वेदिक औषधियों के प्रभाव पर जागरूक किया गया। संस्थान की ओर से लगाए गए स्टॉल पर लोगों की दैनिक जरूरतों और बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कई उत्पाद प्रदर्शित किए गए। इस दौरान मुख्य आकर्षण यह रहे। दैनिक उपयोग के उत्पादः शुद्धता की कसौटी पर खरे उतरने वाले घर में उपयोग होने वाले दैनिक उत्पाद।

हेल्थ सप्लीमेंट्सः शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले प्राकृतिक सप्लीमेंट्स।

आयुर्वेदिक औषधियाँः विभिन्न विकारों के उपचार के लिए संस्थान निर्मित औषधियाँ।

विशेष बात यह रही कि ये सभी उत्पाद और दवाएँ आम लोगों के लिए उपलब्ध कराई गईं, ताकि समाज का हर वर्ग इनका लाभ उठा सके। संस्थान का दृष्टिकोण

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि 'स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन' के मंत्र को जन-जन तक पहुँचाना है। राजस्थान सरकार के इस भव्य आयोजन के साथ जुड़कर संस्थान ने मानवता की सेवा के अपने संकल्प को और सुदृढ़ किया है।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

**झुंझुनूं(निस)।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से धोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनूं जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छूट प्राप्त की है। राज्य सरकार की ओर से इस योजना की अवधि 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णतः वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तक बढाई गई हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## चेक अनादरण के मामले में आरोपी दोषमुक्त

**तारानगर(निस)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह की अदालत ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय पारित करते हुए तारानगर क्षेत्र के पंडरेऊ टिब्बा निवासी गुलाबसिंह पुत्र रावताराम को दोष मुक्त किया है। परिवादी राजेश कुमार पुत्र लालचंद निवासी पंडरेऊ टिब्बा की ओर से गुलाबसिंह के विरुद्ध 109000 रुपए के चैक अनादरण का मामला दर्ज करवाया था। दोनों पक्षों की साक्ष्य के उपरांत न्यायालय की ओर से गुलाबसिंह को दोष मुक्त किया गया है। बचाव पक्ष ने अदालत में यह तर्क दिया कि परिवादी से आरोपी ने कोई ऋण नहीं लिया परिवादी ने चैक का दुरुपयोग कर मामला पेश किया है। अदालत ने साक्ष्य और गवाहों के बयानों को ध्यान में रखते हुए पाया कि परिवादी एक वैध ऋण के अस्तित्व को साबित करने में असफल रहा है। अदालत ने अपने फैसले में परिवादी की ओर से तथ्यों का लोप करते हुए सही तथ्य छिपाते हुए परिवाद न्यायालय में पेश किया जाना पाया इसलिए अदालत ने अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया। गुलाबसिंह की ओर से पैरवी अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी तारानगर के सानिध्य में रहकर अधिवक्ता जीताराम शर्मा पंडरेऊ टिब्बा ने की थी।

राजस्थान सरकार

### कार्यालय नगरपरिषद सरदारशहर (जिला चुरू)

तहसील परिसर, गाँधी चौक के पास सरदारशहर 331403

कमांक :- न.प.स./ भूमि खा / 2025-26 /1872-73 दिनांकः- 16-1-2026

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

इस कार्यालय में श्री अशोक कुमार पुत्र भावनदास सिन्धी गांधी चौक सरदारशहर के द्वारा अपनी कयशुदा भूमि माप 39.50 वर्गमीटर का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन कराने बाबत इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है । सरदारशहर के नवीनतम मास्टर प्लान 2036 में उक्त भूमि COMMERCIAL RETAIL BUSINNES & GENERAL COMMERCIAL प्रावधानित है जिसका वाणिज्यिक उपयोग प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है । उक्त भूमि गाँधी चौक पर स्थित है । उक्त भू-उपयोग परिवर्तन के संबध में किसी भी व्यक्ति को कोई उजर आपत्ति हो तो मय प्रमाण 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे ।

भूमि का स्थान :- नगरपरिषद कार्यालय के सामने सरदारशहर

**आयुक्त**
**नगरपरिषद- सरदारशहर**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 5280 -5294 दिनांक :- 8-1-2026

**ई-निविदा सूचना संख्याः 47 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।

NIB No. - PWD2526A5065

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB20315 | 2. | PWD2526WSOB20317 |
| 3. | PWD2526WSOB20319 | 4. | PWD2526WSOB20321 |

DIPR/C/679/2026

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

### कार्यालय : अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - चूरू (राजस्थान) 331001

क्रमांक : 2601-2615 दिनांक : 06.01.2026

मुख्यालय का नाम : चूरू
कार्य का नाम : निविदा सं. 38-42 / 2025-26 में वर्णित अकिंतानुसार ।
निविदा की कुल लागत : कुल रू. 07.54 लाख ।
धरोहर राशि : रूपये - 15080/-
निविदा ऑन लाईन डाउनलोड / अपलोडकरने की तारीख : 06.01.2026 सायं 05.00 बजे से दिनांक 19.01.2026 को सांय 05:00 बजे तक
निविदा ऑफलाईन जमा करवाने की तारीख : दिनांक 19.01.2026 को सांय 05:00 बजे तक
निविदा खोलने की तारीख : दिनांक 20.01.2026 दोपहर 11:00 बजे से

**फैल (प्रेम कुमार)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड चूरू**
**मोबाईल नं. 97997-75358**

राजस्थान - सरकार

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 5419-5433 दिनांक :- 15/01/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्याः 49/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर. संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.inThttp/www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।

NIB No. - PWD2526A5199

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB21032 | 2 | PWD2526WSOB21033 |
| 3 | PWD2526WSOB21034 | 4 | PWD2526WSOB21035 |
| 5 | PWD2526WSOB21036 | 6 | PWD2526WSOB21037 |

**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा.नि.वि. खण्ड चूरू**

### कार्यालय ग्राम पंचायत रूपलीसर

पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- ग्रापं./निविदा/2025-26/42 दिनांक :- 16.01.25

**निविदा सूचना 2025-26**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभन्न कार्यो के लिये इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में आनलाईन निविदा प्रक्रिया से वेबसाईट https//sppp.rajasthan.gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN PDN2526GSOB00321

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रूपलीसर**
**प.स.- सरदारशहर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत रूपलीसर**
**प.स.- सरदारशहर**

## साइबर अपराध संबंधी शिकायत में संलिप्त 2 खाताधारक गिरफ्तार

**मण्डावा(निस)।** साइबर अपराध संबंधी शिकायत में पुलिस ने दो खाता धारको गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने बताया कि गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए साइबर पुलिस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत में बैंक की ओर से जारी संदिग्ध बैंक खाताधारक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गैरसायल राकेश कुमार पुत्र बनवारीलाल मेघवाल निवासी गोदु का बास व सचिन पुत्र महावीर प्रसाद निवासी गोविन्दपुरा को शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया है। गिरफतारशुदा गैरसायालानो से शिकायत के संबंध में गहनता से जांच जारी है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी

पंचायत समिति बीदासर

क्रमांक :- 216 दिनांक :- 14.01.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत कातर छोटी में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यों हेतु ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 22.01.2026 को खोली जायेगी ।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि. वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 8/2025-26/09.01.2026 | ZCR2526A1292 | ZCR2526WSOB02230 | |
| 2 | 9/2025-26/09.01.2026 | ZCR2526A1293 | ZCR2526WSOB02231 | |
| 3 | 10/2025-26/09.01.2026 | ZCR2526A1294 | ZCR2526WSOB02232 | |
| 4 | 11/2025-26/09.01.2026 | ZCR2526A1295 | ZCR2526WSOB02233 | |
| 5 | 12/2025-26/09.01.2026 | ZCR2526A1296 | ZCR2526WSOB02234 | |
| 6 | 13/2025-26/09.01.2026 | ZCR2526A1297 | ZCR2526WSOB02235 | |
| | | | ZCR2526WSOB02236 | |
| | | | ZCR2526WSOB02237 | |
| 7 | 14/2025-26/09.01.2026 | ZCR2526A1298 | ZCR2526WSOB02238 | |
| | | | ZCR2526WSOB02239 | |
| | | | ZCR2526WSOB02240 | |
| | | | ZCR2526WSOB02240 | |

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत कांतर छोटी**
**पंचायत समिति बीदासर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कांतर छोटी**
**पंचायत समिति बीदासर**

राजस्थान सरकार

### कार्यालय - ग्राम पंचायत, रायपुर - पाटन

पंचायत समिति - पाटन, जिला- सीकर (राज.)

क्रमांक- 2025-26/218 दिनांक- 16/01/2026

**निविदा सूचना सं. 07-11/2025-26**

इस कार्यालय द्वारा नियम 181 अन्तर्गत कार्यों की खुली निविदाएँ आमंत्रित की जा रही है। जिसे आज दिनाक 16-01-2026 से 22-01-2026 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा http//sppp.raj.in पर भी दिखा देखा जा सकता है NIB code - PKP2526A0175 तथा UBN - PKP2526WSOB00271 से PKP2526WSOB00275 तक है

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत रायपुर**
**पाटन पं.स. पाटन (सीकर) राज.**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रायपुर पाटन**
**पं. स. पाटन (सीकर)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत गुडावडी, पंचायत समिति, सुजानगढ़

क्रमांक- 09 दिनांक- 15-1-26

**ई-निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत राज वडी गुडावडी द्वारा नियम-181 के तहत 01 कार्य हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत विभिन्न योजनाओं के कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई जिसकी विस्तृत जानकारी हेतु sppp.rajasthan.gov.in eproc.rajasthan.gov.in पर जा कर देखी जा सकती है।

NIB NO- ZCR2526A1299
UBN NO- ZCR2526WSOB02242
TENDER ID- 2026-PRD-527927-1

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत गुडावड़ी**
**पं. स. सुजानगढ़ (चुरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गुडावड़ी**
**पं. स. सुजानगढ़ (चुरू)**

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :- न.पा.ता/2025-26/7345 दिनांक :- 16/1/26

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि, पट्टा नामान्तरण हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे। बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामकरण पुत्र बजरंगलाल सोनी | 20 | - | 162 | 1011.32 | कृषि भूमि नियमन |
| 2. | गोपाल स्वामी पुत्र रमेशचन्द्र व धर्मवीर सिंह राठौड़ पुत्र सवाई सिंह | 07 | 338853 | 102 | 900.00 | 69ए सरेण्डर |
| 3. | संतोष पत्नी दौलाराम | 20 | 169642 | 34 | 222.94 | पट्टा नामान्तरण |
| 4. | दीपा कड़वासरा पत्नी राकेश कुमार बेनीवाल | 16 | 169643 | 33 | 445.88 | पट्टा नामान्तरण |
| 5. | सोमवती पत्नी जयसिंह | 01 | 169161 | 32 | 208.50 | पट्टा नामान्तरण |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका तारानगर**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स



# आरोग्यम हेल्थ कैंपः आध्यात्मिकता ही मानसिक और समग्र स्वास्थ्य का आधार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / जयपुर(निस)।** जयपुर में 'आरोग्यम हेल्थ कैंप 2026' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की प्रतिनिधि साध्वी लोकेशा भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव के बीच शारीरिक और मानसिक कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाना था।




## आध्यात्मिकता और सेहत का अंतर्संबंधः

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए साध्वी लोकेशा भारती ने 'मानसिक और समग्र स्वास्थ्य' में आध्यात्मिकता की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, लेकिन मन की शांति का मार्ग केवल आध्यात्मिकता से होकर गुजरता है। जब एक व्यक्ति आंतरिक रूप से शांत और आध्यात्मिक रूप से जाग्रत होता है, तो उसका प्रभाव उसके मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक ऊर्जा पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने आगे समझाया कि कैसे ध्यान और आत्म-चिंतन के माध्यम से व्यक्ति अवसाद और चिंता जैसी आधुनिक समस्याओं से मुक्ति पाकर एक संतुलित जीवन जी सकता है। जयपुर में आरोग्यम हेल्थ कैंप 2026' का गुरुवार को भव्य आयोजन किया गया, जिसमें दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की प्रतिनिधि साध्वी लोकेशा भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। साध्वी ने कार्यक्रम के दौरान दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से समाज कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का भी विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि संस्थान केवल भारत में ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में नियमित रूप से हेल्थ कैंपों का आयोजन कर रहा है। निशुल्क चिकित्सा परामर्श और औषधियां प्रदान कर रहा है। आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति लोगों को प्रोत्साहित कर रहा है। जरूरतमंदों के लिए सहायता गतिविधियों का संचालन कर रहा है। शिविर में आए सैकड़ों लोगों ने साध्वी के विचारों से प्रेरणा ली। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने साध्वी लोकेशा भारती का आभार व्यक्त किया। शिविर में विभिन्न डॉक्टरों और विशेषज्ञों की ओर से परामर्श भी दिया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को काफी फायदा हुआ।

## मत्स्य किसानों की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सहायक निदेशक मत्स्य विभाग कार्यालय में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत मत्स्य विभाग व एनएफडीबी के सहयोग से मत्स्य किसानों की आय बढ़ाने के लिए चल रहे तीन दिवसीय झींगा मत्स्य पालन प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में डीडीएम निर्वाण ने नाबार्ड की विभिन्न किसान कल्याण कारी योजनाओं, झींगा क्लस्टर केसीसी सहित संबंधित आवश्यक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षण संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्र रोहतक के वैज्ञानिक डॉ. सलोनी शिवम व डॉ. सत्य प्रकाश ने झींगा मत्स्य पालन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं जैसे जल व मिट्टी की गुणवत्ता, रोग व निदान से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद खान व लवदीप शर्मा ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में चूरू व बीकानेर जिले के किसानों ने भाग लिया।

## योग व ध्यान पर संवादःकरो योग रहो निरोग का संदेश



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में विवेकानंद सप्ताह के पांचवें दिन शुक्रवार को योग व ध्यान का नैतिक मूल्यों के विकास में महत्व विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ प्रभाकर दीक्षित ने योग के अर्थ को स्पष्ट करते हुए अष्टांग योग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग और यौगिक क्रियाओं के निरंतर अभ्यास करने और इन्हें जीवन में धारण करने से ना केवल हमारा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है बल्कि इससे लोगों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है। जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। डॉ दीक्षित ने कहा कि योग का अंतिम लक्ष्य आत्मा का उस परम शक्ति परमात्मा से साक्षात्कार करना है। जो समाधि की अवस्था में होता है। प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने कहा कि आसन और प्राणायाम जैसी यौगिक क्रियाएं बहुत महत्वपूर्ण है। इससे हमारी स्मृति और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शेर सिंह, संत कुमार मीणा, महेश कुमार, जयरत्न लखेरा, सुमन, लता गुर्जर, सुनीता गोदारा, पवन कुमार आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। संचालन भवानीशंकर ने किया।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भारत विश्व गुरु बनकर विश्व का नेतृत्व करे इसको लेकर सरदारशहर के रामनगर बास वार्ड 2 में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विराट हिन्दू सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी अजय किशन और कैलाश प्रजापत ने बताया कि बैठक में सर्वसमिति से विराट हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को करने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन को भव्य ऐतिहासिक बनाने के लिए सर्व समिति से कार्यकारी का गठन किया गया। जिसमें जयचंद माली अध्यक्ष, बाबूलाल प्रजापत सचिव, महेंद्र कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम की तैयारियों को कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन कर जिम्मेदारी दी गई हैं। हिंदू सम्मेलन की आवश्यकता और महत्व पर संतोष शर्मा ने विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि 2047 तक भारत पुनः विश्व गुरु बनकर विश्व का नेतृत्व सफलता से करें। इस हेतु समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाकर संगठित रूप से राष्ट्र प्रथम की भावना से समाज खड़ा हो। इस अवसर पर बस्ती के गणमान्य नागरिक मनोहर लाल, जगदीश प्रसाद गोड, जगदीश प्रसाद, मूलचंद सैनी, कुलदीप, गौरी शंकर, मोहनलाल, पूर्व पार्षद नारायण चंद, ओमप्रकाश, राजेंद्र प्रसाद, कानाराम सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में पूजा सिहाग व अम्बिका का चयन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा तहसील के राउमा विद्यालय रोलासर की पूजा सिहाग और अम्बिका प्रजापत का राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों बालिकाओं के चयन पर गांव में खुशी छा गई। कोच मामराज चाहर व प्रशिक्षक सुरेंद्र पुनियां ने बताया कि रोलासर कि दोनों बेटियां राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पहले 14 से 20 जनवरी तक मल्टीप्रपज स्कुल श्रीगंगानगर में होने वाले प्रशिक्षण में भाग लेगी। इसके बाद अंडर17 राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में 23 से 28 जनवरी तक इम्फाल मणिपुर में भाग लेगी। दोनों बेटियों के चयन पर ग्रामीणों ने बधाईयां व आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।



## रतननगर में प्रतिभावान बेटियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** श्री बृजलाल बुधिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रतननगर में दो प्रतिभावान बेटियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर की दोनो होनहार बेटियों निकिता मीणा (आरजेएस) और डॉ.पूजा मीणा( कॉलेज एसोसिएट प्रोफेसर ) का उनकी अभूतपूर्व सफलता पर स्वागत और सम्मान किया गया। हाल ही घोषित परिणामों में निकिता का राजस्थान न्यायिक सेवा में व पूजा का कॉलेज प्राध्यापक पद पर चयन हुआ है। विद्यालय परिवार ने दोनो प्रतिभावान बेटियों व उनके माता पिता का माला पहनाकर व साफा बांधकर अभिनन्दन किया। सम्मान से अभिभूत निकिता और पूजा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होने विद्यालय की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि एकाग्रता और निरन्तर मेहनत ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल प्रजापत ने इस अवसर पर इन बेटियों से प्रेरणा लेने के लिए कहा। इस अवसर पर समस्त शैक्षिक स्टाफ व छात्राऐं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश व्याख्या ने किया।

## बर्फ फैक्ट्री में अमोनिया गैस रिसाव से दहशत, प्रशासन ने संभाला मोर्चा

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** शहर के रूप निवास कोठी रोड स्थित एक बर्फ व दूध फैक्ट्री में अमोनियम (अमोनिया) गैस के रिसाव की सूचना से गुरुवार को क्षेत्र में अफरा-तफरी और भय का माहौल बन गया। गैस फैलने की आशंका के चलते आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और तत्काल प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही उपखंड अधिकारी कुलदीप नगर पालिका टीम एवं फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कंवरपाल सिंह के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की मदद से स्थिति पर काबू पाया गया। समय रहते की गई कार्रवाई से किसी बड़े हादसे की आशंका टल गई। उपखंड अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री नियमों के अनुरूप संचालित नहीं हो रही थी। मामले की विस्तृत जांच नगर पालिका की ओर से की जाएगी और नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर फैक्ट्री संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका ईओ कंवरपाल सिंह ने बताया कि गैस रिसाव की घटना में किसी प्रकार की जन-धन की हानि नहीं हुई है। एहतियातन फैक्ट्री परिसर को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर, सूचना पर चिकित्सा विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। चिकित्सकों ने बताया कि अमोनिया गैस हवा में तेजी से घुल जाती है, लेकिन इसके संपर्क में आने से व्यक्ति को सांस संबंधी परेशानी, आंखों में जलन सहित अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कई मामलों में इसके दुष्प्रभाव लंबे समय तक दिखाई दे सकते हैं, इसलिए सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

घटना के बाद क्षेत्रवासियों में कुछ समय तक दहशत का माहौल रहा, हालांकि प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से हालात जल्द सामान्य हो गए। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि ऐसी औद्योगिक इकाइयां नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## तकनीकी व कौशल के उपयोग से नौकरी देने वाले बनें युवाः सुराणा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि युवा तकनीकी, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए नौकरी देने वाले बनें। आज का समय विज्ञान, तकनीक और नवाचार का युग है। युवा अपने तकनीकी ज्ञान, कौशल और रचनात्मक सोच के सही दिशा में उपयोग करें तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। युवाओं को सोच को बढ़ाते हुए स्टार्टअप, इनोवेशन और उद्यमिता को अपनाना चाहिए। जिला कलक्टर सुराणा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर राजकीय लोहिया महाविद्यालय परिसर में संचालित आई स्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में नेशनल स्टार्ट अप डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के विज्ञान और तकनीक के युग में युवाओं को चाहिए कि वे तकनीकी ज्ञान, कौशल और उद्यमिता को अपनाते हुए केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। नवाचार और तकनीक के सही उपयोग से युवा अपने विचारों को साकार कर सकते हैं और समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जिला कलक्टर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोड–चूरू जैसे कार्यक्रम कोडिंग व कम्प्यूटर दक्षता हासिल करने वाले विद्यार्थी इन्क्यूबेशन सेंटर जैसे प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्टार्ट अप की दिशा में बेहतरीन कार्य कर सकते हैं। स्टार्ट अप के दौरान विभिन्न वित्तीय सहायता के लिए भी सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं। उन्होंने छात्रों को निरंतर सीखने, प्रयोग करने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। सीडीईओ संतोष कुमार महर्षि ने जिले में कोड– चूरू कार्यक्रम व आरआरआर सेंटर की क्रियान्विति के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि युवा कौशल विकास पर फोकस करें और निरंतर मेहनत से अपने सपनों को साकार करें। इन्क्यूबेशन सेंटर के मेंटर जमील खान ने स्टार्ट अप को लेकर प्रजेंटेशन दिया। इस अवसर पर लोहिया महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मंजू शर्मा, एसीपी नरेश कुमार, विनोद कुमारी ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान गौरव शर्मा, भवानी, गुरप्रीत लबाना एवं कोड – चूरू कार्यक्रम में इनरोल विद्यार्थी मौजूद रहे। लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम एवं आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल) सेंटर प्रबंधन से संबंधित वेबसाइट की हुई लॉन्चिंग इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अभिनव पहल पर जिले में चलाए जा रहे 'कोड –चूरू' कार्यक्रम में इनरोल विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम एवं आरआरआर सेंटर प्रबंधन से संबंधित वेबसाइट की लॉन्चिंग की गई।

### सरदारशहर का बढ़ाया दुनिया में नाम

## डॉ सिद्धि गुप्ता ने मॉरीशस के विश्व हिंदी सचिवालय में प्रस्तुत किया शोध पत्र

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** सरदारशहर के एसबीडी पीजी महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र की सहायक आचार्य डॉ. सिद्धि गुप्ता ने मॉरीशस में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में भाग लिया। यह सम्मेलन विश्व हिंदी सचिवालय की ओर से विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। सम्मेलन में मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने हिंदी की वैश्विक भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदी सचिवालय की महासचिव डॉ. माधुरी रामधारी और उपमहासचिव डॉ. शुभंकर मिश्र सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। डॉ. सिद्धि गुप्ता ने सम्मेलन में 'मॉरीशस में प्राचीन भारत की विज्ञान परंपरा, हिंदी की भूमिका और आधुनिक अंग्रेज़ी निर्भरता' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. गुप्ता की सक्रिय सहभागिता की सराहना की गई और उन्हें मुख्य अतिथि की ओर से प्रमाण पत्र, प्रतीक चिह्न तथा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। वर्तमान में, डॉ. सिद्धि गुप्ता मॉरीशस के सात दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर हैं, जहाँ वे विभिन्न प्रमुख शहरों और शिक्षण संस्थानों का दौरा कर रही हैं।

### झुंझुनूं की बेटी अर्पिता धनखड़ का जिला स्तर पर सम्मान

## अर्पिता धनखड़ ने राष्ट्रीय वॉलीबॉल में जीता ब्रॉन्ज मेडल



### आंध्रप्रदेश में 69वीं राष्ट्रीय अंडर-14 वर्ग में प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बनगोठड़ी कलां की छात्रा अर्पिता धनखड़ ने आंध्रप्रदेश के कडापा में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय अंडर-14 विद्यालय छात्रा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन किया है। अर्पिता धनखड़ ने 14 वर्षीय राष्ट्रीय बॉलीबाल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम की कप्तानी करते हुए कांस्य पदक जीता।

गुरुवार को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में अर्पिता धनखड़ को पुष्प-गुच्छ भेंट कर व साफा पहनाकर सम्मानित किया और उसकी उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे जिले के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। जिला कलेक्टर ने अर्पिता की इस उपलब्धि के लिए उसके कोच ओमवीर पूनियां के मार्गदर्शन व विद्यालय की प्रधानाचार्य अनुजा जाखड़ की ओर से दिए गए निरंतर प्रोत्साहन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षक, कोच और अभिभावकों के समन्वित प्रयास से ही इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतिभाएं तैयार होती हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान छात्रा के पिताजी श्रीकृष्ण कुमार धनखड़, दादाजी सूरत सिंह धनखड़, वीरेंद्र पूनियां व चेतन माहीच सहित उपस्थित लोगों ने अर्पिता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे आगे भी इसी तरह मेहनत कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## पेंशन के लिए आवेदन शिविर 21 को, श्रमिकों, पथ विक्रेताओं व लोक कलाकारों को मिलेगा लाभ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के श्रमिक, पथ विक्रेता व लोक कलाकार के द्वारा पेंशन के लिए 21 जनवरी, 2026 को राजगढ़ नगरपालिका सभागार में आवेदन शिविर आयोजित किया जाएगा। राज्य बीमा व प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गणपत राम चौधरी ने बताया कि योजना अंतर्गत आवेदक प्रतिमाह 3 हजार रुपए का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना में लाभार्थी अपने नजदीकी ई-मित्र केंद्र से या जिले के बीदासर नगर पालिका सभागार में 21 जनवरी, 2026 को आयोजित विशेष शिविर में उपस्थित होकर पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकार को संबल प्रदान करने के लिए 26 नवम्बर, 2024 को योजना लागू की थी। योजना का लाभ लेने के लिए 60 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 100 रुपए अंशदान राशि जमा करवानी होगी। तीन साल की अवधि अथवा 60 वर्ष की आयु से पहले इस योजना से बाहर निकलने वालों को सेविंग बचत खाता के समान ब्याज सहित जमा राशि लौटाई जा सकेगी। अंशदान देने वालों को राज्य सरकार की ओर से 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 तीन हजार प्रतिमाह देय होंगे। यह पेंशन वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन के अतिरिक्त होगी। पेंशन प्राप्त करने के दौरान यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो उसके पति या पत्नी को अभिदाता की पेंशन का अधिकतम 50 प्रतिशत, पारिवारिक पेंशन का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 41 से 45 वर्ष, राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। इसी के साथ मासिक आय 15 हजार से अधिक ना हो। बैंक में अपने नाम से बैंक बचत खाता, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड तथा केन्द्र सरकार के पोर्टल (ई-श्रम) से प्राप्त रजिस्ट्रेशन संख्या होना आवश्यक है।